
सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911



सांध्य दैनिक
RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



आवश्यकता है
मीडिया हाउस
में काम करने के लिए ऑफिस बॉय की जरूरत है।
(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659



वर्ष- 15 अंक - 34 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शुक्रवार 17 नवंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### देश में पहली बार हुआ ऐसा, छत्तीसगढ़ में वोटिंग के साथ जुड़ गया नया रिकॉर्ड

**रायपुर।** देश में लोकतंत्र इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है कि एक विधानसभा की पूरी जिम्मेदारी महिलाएं संभाल रहे हैं। अधिकारी से लेकर मतदान कर्मी सुरक्षा कर्मी के तौर पर महिलाओं ने चुनाव का जिम्मा संभाला हुआ है। यहां की सभी 201 मतदान क्षेत्र में 804 महिला अधिकारी और महिला सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है।

लैंगिक समानता की दृष्टि से छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में से एक है और यहां महिलाएं हर कदम पर पुरुषों की सहभागिता के कार्य करती हैं। वजह यही है कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के उत्तर विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन का कार्य महिलाओं को सौंप दिया गया है। रायपुर उत्तर विधानसभा में 201 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं यह सभी संगवारी बूथ हैं इसका तात्पर्य है कि इस पूरी विधानसभा में पीठासीन अधिकारी से लेकर मतदान अधिकारी,सुरक्षा कर्मी सहित 804 महिलाओं को जिम्मेदारी सौंप गई है इसके साथ ही लगभग 200 महिलाओं को रिजर्व रखा गया है।

वहीं छत्तीसगढ़ में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भी आईएएस ऑफिसर रीना बाबा साहब कंगाले ही हैं। रायपुर उत्तर विधानसभा जहां महिलाएं निर्वाचन का कार्य संपन्न कर रही है वहां लिंगानुपात 1010 है इसका मतलब होता है हर 1010 महिलाओं के पीछे 1000 पुरुष हैं। एक लिहाज से इस तरह से भी समझा जा सकता है कि उत्तर विधानसभा क्षेत्र में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक है।

#### निर्वाचन कार्य संभाल रही महिलाओं ने कहा

उत्तर विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन की जिम्मेदारी संभाल रही महिला उमा वर्मा ने कहा की प्रशासन ने हमें जिम्मेदारी सौंपी है हम सबके लिए उत्साह की बात है और हम बड़ी जिम्मेदारी के साथ मतदान की प्रक्रिया को पूरा करेंगे और भरोसे पर खरा उतारने की कोशिश करेंगे। वहीं दूसरी महिला निशा रामटेके ने कहा कि सभी महिलाएं निर्वाचन का काम कर रही हैं खुद को साबित करने का मौका मिलता है कि पुरुष अधिकारियों के बगैर भी महिला अधिकारी सफ्लतापूर्वक मतदान की प्रक्रिया जैसी बड़ी जिम्मेदारी संभाल सकती है, यह देशभर के लिए मिसाल की बात है।

### बंगाल की खाड़ी में बना गहरा दबाव चक्रवाती तूफान 'मिधिली' में बदला, कई जगह होगी भारी बारिश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बंगाल की खाड़ी में बना गहरा दबाव शुक्रवार को चक्रवाती तूफान में बदल गया और अब यह सुंदरबन से होते हुए बांग्लादेश के तट से टकराएगा। इस चक्रवाती तूफान के असर से भारत में कई जगह भारी बारिश हो सकती है। जब यह चक्रवाती तूफान बांग्लादेश के तट से टकराएगा तो उस दौरान 80 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। भारतीय मौसम विभाग ने यह जानकारी दी है।

मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवाती तूफ़ान मिधिली 17 नवंबर की रात या फिर 18 नवंबर की सुबह बांग्लादेश के तट से टकराएगा। इस तूफान का केंद्र बंगाल की खाड़ी में पारादीप (ओडिशा) से 190 किलोमीटर पूर्व की तरफ, दिघा (पश्चिम बंगाल) से दक्षिण-दक्षिणपूर्व की तरफ से 200 किलोमीटर और खेपुपारा (बांग्लादेश) से 220 किलोमीटर दक्षिणपश्चिम की तरफ है। चक्रवाती तूफान उत्तर-उत्तरपूर्व की तरफ बढ़ रहा है और बांग्लादेश के खेपुपारा के नजदीक ही यह तूफान तट से टकराएगा।




# विधानसभा चुनाव 2023 : मतदान के प्रति लोगों में उत्साह, दोपहर तक 42 फीसदी मतदान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की मतदान प्रक्रिया जारी है। मतदाता मतदान करने के लिए सुबह से लंबी कतार में लगे हैं। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक में उत्साह नजर आ रहा है। महिला हों या पुरूष, युवा या बुजुर्ग मतदाता हों, सभी मतदान के इस महापर्व में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। सुबह से लोग उत्साहित नजर आ रहे हैं, और अपने मत का सही प्रयोग करने के लिए बूथ पर पहुंच रहे हैं। वोटिंग करने के बाद मतदाता सेल्फी लेने से भी नहीं चूक रहे हैं। वहीं फर्स्ट टाइम वोटर्स की चेहरों में उत्साह नजर आ रहे हैं। इस बीच छत्तीसगढ़ में दोपहर तक 42 फीसदी मतदान हुआ।

### कांग्रेस की सीटें 75 पार

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल ने कहा, कांग्रेस की सरकार बन रही है जैसे हमारे मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बोल रहे हैं कि 75 पार होगा तो बिल्कुल 75 ही पार होगा। चैतन्य बघेल अपने पिता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ, मां मुक्तेश्वरी बघेल, बहन स्मिता बघेल, दीप्ति बघेल, एवं पत्नी के साथ मतदान करने पाटन के प्राथमिक शाला कुरूदडीह में मतदान करने पहुंचे। वहीं इस दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की बेटी स्मिता बघेल ने कहा, लोग काफी उत्साहित हैं और सरकार के काम से खुश हैं और इसीलिए मैं बहुत आश्वस्त हूं। आज छत्तीसगढ़ में किसान खुशहाल हैं, उन्हें धान का अच्छा दाम मिल रहा है। कांग्रेस सरकार ने भरोसा कमाया है। उन्होंने जो वादा किया है वो पूरा किया है।



### सीएम बघेल ने परिवार के साथ पाटन में किया मतदान, बोले- यहां लड़ाई एकतरफा

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए 70 सीटों पर मतदान जारी है। इस बीच दुर्ग जिले की पाटन विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने परिवार के साथ मतदान किया। उन्होंने यहां के शासकीय प्राथमिक शाला कुरूदडीह में मतदान किया। इस दौरान कांग्रेस उम्मीदवार भूपेश बघेल ने कहा, हमारे पास 75 से ज्यादा सीटें हैं। यहां लड़ाई एकतरफा है, कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। सीएम बघेल के साथ उनकी पत्नी मुक्तेश्वरी बघेल, बेटी स्मिता बघेल, दीप्ति बघेल, पुत्र चैतन्य बघेल एवं बहू भी मतदान करने पहुंची हैं।

### मध्यप्रदेश में एक बजे तक 45.40 प्रतिशत मतदान

मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान जारी है। दोपहर एक बजे तक 45.40 प्रतिशत मतदान हुआ है। सुबह 11 बजे तक राज्य में 27.62 फीसद वोटिंग हुई है। इससे पहले सुबह नौ बजे तक 11 फीदस मतदान हुआ था। नए मतदाताओं में मतदान करने को लेकर काफी उत्साह है। शहडोल जिले के निगम कॉलोनी की रहने वाली प्रियंका पटेल ने पहली बार मतदान किया। प्रियंका पटेल दुबई में एक प्राइवेट कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर पदस्थ हैं। प्रियंका पटेल ने बताया कि वह दुबई से केवल मतदान करने के लिए अपने घर शहडोल आई हैं। प्रियंका पटेल ने एक वोट का कितना महत्व है, यह सभी को मालूम होना चाहिए। यह संदेश देते हुए उन्होंने सभी से मतदान करने की अपील भी की है।



#### धर्मपत्नी के साथ बुलेट पर सवार होकर मतदान करने पहुंचे सांसद

आज सुबह उज्जैन आलोट संसदीय क्षेत्र के सांसद अनिल फिरोजिया धर्मपत्नी के साथ बुलेट पर सवार होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने सेठी नगर स्थित मतदान केंद्र पहुंचे। जहां उन्होंने अपने मताधिकार का उपयोग किया। बुलेट पर सवार होकर मतदान करने पहुंचे सांसद अनिल फिरोजिया इसके कारण काफी चर्चाओं में बने रहे।



### ईडी ने अपनी विश्वसनीयता खो दी : टीएस सिंहदेव

वोटिंग के बीच छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का बड़ा बयान आया है। अपना मत देने के बाद उन्होंने एजेंसी से चर्चा करते हुए कहा है कि ईडी ने अपनी विश्वसनीयता खो दी है। उन्होंने कहा लोग उस पार्टी को वोट करेंगे जिससे उनको लगेगा कि वे उनकी भलाई के लिए काम करेगी। लोग ऑपरेशन लोटस के बारे में पूछ रहे हैं। ईडी का राजनीति के लिए ग़लत इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे पहले छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और अंबिकापुर से पार्टी उम्मीदवार टीएस सिंह देव ने अंबिकापुर के महामाया मंदिर में पूजा-अर्चना की और अपने बूथ पर मतदान किया। टीएस सिंह देव ने कहा कि हमें अपनी जीत का पूरा भरोसा है। हर जगह सकारात्मक खबरें हैं।

# आज ईवीएम में कैद हो जाएगी 958 प्रत्याशियों की किस्मत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर/भिलाई।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण का मतदान हो रहा है। सुबह से ही लोग लंबी-लंबी लाइनें लगाए हुए हैं। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक में वोटिंग को लेकर खासा उत्साह नजर आ रहा है। दूसरे चरण के 70 सीटों पर कुल 958 उम्मीदवारों की किस्मत आज ईवीएम में कैद हो जाएगी। पहले चरण का मतदान 7 नवंबर को हुआ था। पहले चरण में 90 में से 20 सीटों पर मतदान हुआ था और बाकी 70 सीटों पर आज वोटिंग हो रही है। इन 70 सीटों पर कुल 958 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं।



राज्य के मंत्री और दुर्ग ग्रामीण से कांग्रेस उम्मीदवार ताम्रध्वज साहू ने दुर्ग के एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। जिसके बाद ताम्रध्वज साहू ने कहा कि लोकतंत्र के इस 'महापर्व' में मैं सभी से बड़ी संख्या में मतदान करने की अपील करता हूं। यह अच्छे जन प्रतिनिधियों को चुनने का 'महापर्व' है और सभी को इसमें भाग लेना चाहिए। मतदाताओं में भारी उत्साह है। कांग्रेस को पूर्ण बहुमत मिलेगा। हम 75 पार का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और लोरमी से पार्टी के उम्मीदवार अरुण साव ने बिलासपुर के एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। अरुण साव ने कहा कि मैं सभी से आग्रह करता हूं कि अपना वोट जरूर डालें और दूसरों को भी वोट देने के लिए प्रेरित करें। छत्तीसगढ़ में लोगों ने बदलाव का मन बना लिया है। उन्होंने तय कर लिया है कि वे बदलाव लाएंगे। समृद्ध और विकसित छत्तीसगढ़ के लिए वोट करें।

राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल परिवार के साथ मतदान करने से पहले कोरबा के पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने पूजा-अर्चना कर मंदिर में माथा टेका। इसके बाद कमला नेहरू महाविद्यालय में अपने परिवार के साथ मतदान केंद्र क्रमांक 201 में मतदान किया। साथ में उनकी पत्नी रेणु अग्रवाल और उनके दोनों पुत्र रहे। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी और पार्टी पर तमाम आरोप लगाए।

## सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी, लश्कर के तीन आतंकी ढेर, तलाशी अभियान जारी

**जम्मू (एजेंसी)।** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुक्रवार दूसरे दिन भी जारी है। बताया जा रहा है कि सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। सूत्रों के अनुसार, मुठभेड़ स्थल पर तीन आतंकियों को मार गिराया गया है। मारे गए आतंकी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हुए बताए जा रहे हैं। इलाके में सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चलाया हुआ है। हालांकि पुलिस की तरफ से अभी बयान जारी नहीं किया गया है।

कुलगाम जिले के समनू गांव में गुरुवार दोपहर आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। पुलिस, सेना की 34 आरआर और सीआरपीएफ की एक संयुक्त टीम ने एक विशेष जानकारी पर कुलगाम के समनू गांव में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। घेरा सख्त होता देख आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इससे मुठभेड़ शुरू हो गई है। देर रात गोलीबारी रुक गई। शुक्रवार को दूसरे दिन सुबह फिर गोलीबारी शुरू हुई। बताया जा रहे है कि तीन आतंकी ढेर कर दिए गए हैं।

## जब आसन्न मृत्यु से निकलती है जीवन की राह

श्रीकंचनपथ




जीवन और मृत्यु दोनों ही शाश्वत सत्य हैं। मृत्यु के बाद जीवन को लेकर अलग-अलग धारणाएं हो सकती हैं पर एक बात तो तय है कि मृत्यु के बाद भौतिक जीवन का अंत हो जाता है। मृत शरीर को उसके अंजाम तक पहुंचाने की अलग-अलग विधियां प्रचलित हैं। कोई उसे भस्म कर देता है तो कोई दफ्न कर देता है। कहीं उसे चील-गिद्ध आदि मेहतर (स्कैवेन्जर) पक्षियों के भोजन के लिए छोड़ दिया जाता है तो कहीं उसे लंबे समय तक सुरक्षित रखने के उपाय किये जाने का चलन रहा है। आधुनिक विज्ञान ने मृत्यु के बाद आंशिक जीवन को सम्भव बना दिया है। अंगदान के द्वारा हम सभी ऐसा कर सकते हैं। मृत्यु के बाद भी हमारे अंग किसी और के शरीर में जीवित रह सकते हैं, उसे नया जीवन दे सकते हैं। वैसे सभी प्रकार के अंगदान के लिए मृत्यु जरूरी नहीं है। रक्त के अलावा किडनी, त्वचा, लिवर, पैन्क्रियाज के टुकड़े दान किये जा सकते हैं। मरणोपरांत यह सूची लंबी होती चली जाती है। एक ब्रेन-डेड मरीज, जिसका शेष शरीर स्वस्थ हो, से लगभग 50 रोगियों को लाभान्वित किया जा सकता है। ब्रेन-डेड वह स्थिति है जिसमें मस्तिष्क की मृत्यु हो जाती है पर शेष शरीर स्वस्थ रहता है। ऐसी स्थिति में करीबी परिजनों को यह कठोर निर्णय लेना होता है कि वे उसकी मृत्यु को स्वीकार कर लें या किसी चमत्कार का इंतजार करते रहें। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर ने पिछले कुछ समय में इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। ब्रेन डेड मरीज के अंगदान का यह सिलसिला ठीक एक साल पहले 21 नवंबर 2022 को प्रारंभ हुआ था। टाटीबंद की एक महिला को जब डाक्टरों ने ब्रेनडेड घोषित किया तो उसके परिजनों ने यह कठिन निर्णय लिया। नवंबर 2022 में ही एक 60 वर्षीय वृद्ध को ब्रेन-डेड घोषित किया गया था। उनकी दो किडनियां तथा लिवर का प्रत्यारोपण जरूरतमंद मरीजों में कर दिया गया था। उनके हृदय और आंखों को दो अलग अस्पतालों में सुरक्षित कर लिया गया था। इसी साल फरवरी में एक 24 वर्षीय नर्स को एम्स लाया गया था जिसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया था। उसके अंगों से छह मरीजों को नया जीवन मिला था। एक साल के भीतर पांच कैडेवर डोनेशन का यह सिलसिला बेहद उत्साहजनक है। वैसे देश भर में अंगदान को लेकर एक नई जागरूकता देखने को मिल रही है। रूढ़ियों को तिलांजलि देकर लोग ऋषि दधीचि के मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं। अंगदान को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी एक मुहिम छेड़ रखी है। 16 सितंबर से 15 नवंबर की शाम 5 बजे के बीच 86575 लोगों ने अंगदान के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया है। इनमें 56 I39त्न महिलाएं हैं। महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से सबसे ज्यादा लोग इस मुहिम से जुड़े हैं। रजिस्ट्रेशन करवाने वालों में 30-44 वर्ष आयुवर्ग के लोगों की संख्या ही अधिक है और उनका अनुपात बढ़ रहा है।


हर्ष मीडिया एडवरटाईजर्स के
बढ़ते कदम....

LED SCREEN
के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए
संपर्क करे
शॉप-12, प्रेस परिसर, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

अब राजधानी रायपुर सहित
पूरे प्रदेश में....

- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- जयस्तंभ चौक, सिन्धु सदन, किरण होटल, रायपुर, जिला-रायपुर
- संदेश बन्धु बिल्डिंग परिसर, वीआईपी चौक मोड, वार्ड क्रमांक-51, तेलीबांधा, रायपुर, जिला-रायपुर
- पचपेड़ी नाका चौक, रायपुर, जिला-रायपुर
- मिलन स्वीट्स, रेलवे स्टेशन चौक, रायपुर
- नेशनल हाईवे-53, पावर हाउस रेलवे स्टेशन, भिलाई, जिला-दुर्ग
- पाटन पुल,उतई (मा. मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र), जिला-दुर्ग
- आकाशगंगा चौपाटी, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
- सिरसा गेट चौक, भिलाई-3, जिला दुर्ग
- अग्रसेन चौक, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, टिकट काउंटर के सामने, गेट नं.-03, बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म नं.-01, गेट नं.-04, बिलासपुर
- पड़ाव चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
- दाऊपारा चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली

Harsh Media Advertisers

Contact_-
9303289950
9131425618
9827806026

## संपादकीय

### कनाडा में कठिनाई

अलगाववादियों का एक समूह कनाडा में लगातार भारतीयों की चिंता की बड़ी वजह बना हुआ है। वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक शिविर का आयोजन किया था। इस शिविर में कनाडा में रह रहे अवकाश प्राप्त भारतीयों को जीवन प्रमाणपत्र दिया जा रहा था, मगर खालिस्तान समर्थक तत्वों ने इस शिविर के खिलाफ जो विरोध प्रदर्शन किया है, उसकी जितनी निंदा की जाए, कम होगी। भारत में शासकीय सेवाओं में रहे बहुत से लोग सेवानिवृत्त होने के बाद कनाडा में रह रहे हैं। जीवन प्रमाणपत्र हासिल करने के लिए उनका भारत आना आसान नहीं है, ऐसे में, भारतीय दूतावास शुरू से ही ऐसे शिविरों का आयोजन करता आया है, ताकि विदेश में रह रहे बुजुर्गों को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। खास बात यह है कि यह शिविर ब्रिटिश कोलंबिया के एबॉट्सफोर्ड में खालसा दीवान सोसायटी के गुरुद्वारे में आयोजित था। शिविर की सूचना जैसे ही फैली, वहां सिखों का एक समूह जुट गया और भारतीय दूतावास के अधिकारियों के लिए मुसीबत खड़ी हो गई। खैर, किसी तरह से वहां से दूतावास के अधिकारियों को पुलिस सुरक्षा में निकाल लिया गया, पर ऐसा कोई भी घटनाक्रम बहुत अफसोसनाक है। भारतीय दूतावास की ओर से पहले भी यह चिंता जताई गई थी कि प्रदर्शनकारी सामान्य कामकाज में भी बाधा पहुंचाने लगे हैं। यह ज्यादा चिंता की बात है कि कनाडा सरकार अलगाववादियों के प्रति जरूरत से ज्यादा उदार है। इसका नतीजा यह है कि खालिस्तान समर्थक तत्वों ने भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों को बाधित करने की धमकी दी है। अलगाववादी समूह 'सिख फॉर जस्टिस' ने पूरे दुस्साहस के साथ कहा है कि जहां भी भारत के अधिकारी जाएंगे, खालिस्तान समर्थक तत्व उन्हें जवाबदेह ठहराने की कोशिश करेंगे। भारतीय अफसरों को घेरने की यह साजिश वास्तव में भारत के खिलाफ किया जा रहा एक गंभीर अपराध है। ऐसे दिग्भ्रमित भारत-शत्रुओं की पहचान करना जरूरी है, ताकि कनाडा सरकार पर कदम उठाने के लिए पर्याप्त दबाव बनाया जा सके। दरअसल, अलगाववादियों की यह कोशिश है कि भारतीय राजनयिकों का स्थानीय लोगों के साथ संपर्क टूट जाए। जब संपर्क टूट जाएगा, तब कनाडा में उनकी जमीन मजबूत हो जाएगी। अलगाववादियों की यह साजिश न सिर्फ मुर्खतापूर्ण, बल्कि इतिहास व वर्तमान के विरुद्ध है। आज दुनिया का शायद ही कोई ऐसा बड़ा देश है, जो भारत से न जुड़ा हो। जिस देश में भारतीय मूल के लाखों लोग रहते हों, वह देश भला भारत से संपर्क कैसे तोड़ सकता है? कुल मिलाकर, जिस तरह से नई दिल्ली पर दबाव बढ़ाया जा रहा है, उससे दिग्भ्रमित लोगों को कोई लाभ नहीं होगा। ये लोग भारत और इसके राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करके खुद के लिए ही मुसीबतें बढ़ा रहे हैं। अपने विरुद्ध ऐसी अलगाववादी और नफरती सोच को कोई भी देश स्वीकार नहीं कर सकता। अत: कनाडा को भी जमीनी सच्चाइयों की पृष्ठभूमि में तार्किक ढंग से सोचना चाहिए। अगर वहां की सरकार अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर भारत-विरोध को हवा देना चाहती है, तो हमें हरसंभव तरीके से अपना विरोध जताना चाहिए। यहां सवाल कनाडा की आंतरिक राजनीति का नहीं है, बल्कि भारत की संप्रभुता व सम्मान पर प्रहार का है। कनाडा में रह रहे भारतीयों को भी सजग रहना चाहिए। चंद अलगाववादी माहौल खराब करना चाहते हैं, तो स्वयं कनाडा सरकार को समय रहते यथोचित पहल करनी चाहिए।

" भारतीय दूतावास की ओर से पहले भी यह चिंता जताई गई थी कि प्रदर्शनकारी सामान्य कामकाज में भी बाधा पहुंचाने लगे हैं। यह ज्यादा चिंता की बात है कि कनाडा सरकार अलगाववादियों के प्रति जरूरत से ज्यादा उदार है। इसका नतीजा यह है कि खालिस्तान समर्थक तत्वों ने भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों को बाधित करने की धमकी दी है।

### ऋषि सुनक का संकट

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और सत्ताधारी कंजरवेटिव पार्टी के धुर दक्षिणपंथी खेमे के बीच सियासी जंग अब खुल कर सामने आ गई है। भारतीय मूल की नेता सुएला ब्रेवरमैन को गृह मंत्री पद से बर्खास्त कर सुनक ने फिलहाल एक जवाबी वार किया है। उसके बाद अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश में अपेक्षाकृत उदार माने जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरन को वे अपनी सरकार में ले आए हैं। लेकिन यह कंजरवेटिव पार्टी के भीतर जारी रस्साकशी में उनका सिर्फ एक दांव है। ब्रेवरमैन ने लगातार कट्टरपंथी रुख अपनाते हुए पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के खेमे को अपने इर्द-गिर्द लामबंद किया है। फिलस्तीन समर्थकों के प्रति कथित नरमी दिखाने के लिए ब्रिटिश पुलिस की आलोचना उनकी इसी सियासत का हिस्सा था। इसके लिए उन्होंने कैबिनेट की मर्यादा का उल्लंघन किया। हालांकि एक अखबार में लेख लिख कर उन्होंने पुलिस की आलोचना की, लेकिन समझा गया कि उनका असल निशाना प्रधानमंत्री हैं। अब इसका जवाब सुनक ने दिया है।

यह गौरतलब है कि ब्रेवरमैन की बर्खास्तगी के तुरंत बाद धुर-दक्षिणपंथी खेमे की बैठक हुई। बैठक के तुरंत बाद बोरिस जॉनसन के खास समर्थक एक नेता ने ट्विटर पर कहा- 'अब अति हो गई है। अब वक्त ऋषि सुनक की विदाई का है, ताकि उसका स्थान कोई वास्तविक कंजरवेटिव नेता ले सके।' बताया जाता है कि पूर्व प्रधानमंत्री जॉनसन ने उनसे कथित विश्वासघात करने के लिए सुनक को अब तक माफ नहीं किया है। उनका गुट बदला लेने के लिए सही समय की ताक में है। ब्रेवरमैन उस एजेंडे को आगे बढ़ा रही हैं। संभावना जताई गई है कि जल्द ही वे एक और लेख लिख कर अपना (यानी धुर-दक्षिणपंथी गुट का) आगे का एजेंडा देश को बताएंगी। मतलब यह कि कंजरवेटिव पार्टी का संकट और गहराने के संकेत हैं। वैसे असल में इस संकट की जड़ें देश की बिगड़ती अर्थव्यवस्था में हैं, जिससे देश के आम लोगों की माली हालत अकल्पनीय रूप से बदतर हो गई है। जॉनसन, लिज ट्रस और ऋषि सुनक- सबकी सरकारें इस मोर्चे पर नाकाम रही हैं। इन हालात में कंजरवेटिव पार्टी का संकट बढ़ना अस्वाभाविक नहीं है।

### भाजपा के सांसद उम्मीदवारों की मुश्किल

भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना में अनेक सांसदों को विधानसभा चुनाव में उतारा है। पार्टी ने यह सोच कर सांसदों को टिकट दी थी कि वे खुद तो जीतेंगे ही साथ ही अपने लोकसभा क्षेत्र की दूसरी सीटों पर भी पार्टी के उम्मीदवारों को जीत दिलाएंगे। लेकिन कई सांसदों की सीट पर भाजपा का हिसाब किताब गड़बड़ाया है। इसके अलावा कुछ सांसद उम्मीदवारों के साथ ऐसा संयोग भी हुआ कि वे गलत कारणों से खबरों में रहे। ग्वालियर-चम्बल की दिमनी सीट से केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर चुनाव लड़ रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से उनके बेटे की दो वीडियो सामने आई है, जिसमें वे किसी व्यक्ति के साथ कथित तौर पर सैकड़ों करोड़ रुपए की डील करते दिखाए देते हैं। हालांकि तोमर ने प्रेस कांफ्रेंस करके इसका खंडन किया है और कहा है कि वीडियो फर्जी है। उन्होंने कांग्रेस पर इसका आरोप लगाया है लेकिन इन दो वीडियो से उनके लिए बहुत मुश्किल खड़ी हुई है।

इसी तरह मध्य प्रदेश में नरसिंहपुर विधानसभा सीट पर केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल चुनाव लड़ रहे हैं हैं। पिछले दिनों उनके काफिले का एक्सीडेंट हो गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और कुछ लोग घायल हो गए। राजस्थान में दो सांसदों, राज्यवर्धन राठौड़ और दीया कुमार के खिलाफ भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं की जबरदस्त बगावत देखने को मिली।

> " म्यांमार की यह दशा भारत की सुरक्षा के लिए भी चिंताजनक है। मीडिया खबरों की मानें (जिनकी पुष्टि नहीं हुई है), तो पिछले कुछ दिनों के भीतर ही म्यांमार से 2,000 से लेकर 5,000 तक लोग सीमा पार करके मिजोरम में दाखिल हुए हैं। वहां बीते दो वर्षों से चिन समुदाय के करीब 30 हजार लोग शरणार्थी कैंपों में रह रहे हैं, जिनका स्थानीय मिजो समाज से गहरा रिश्ता बन चुका है।

# फिर हिंसा की मंझधार में म्यांमार

अरविंद गुप्ता, पूर्व राजनयिक एवं डायरेक्टर, वीआईएफ

पड़ोसी देश म्यांमार का गृह युद्ध 20 अक्टूबर के बाद से और भड़क गया है। देश के उत्तर, उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व के कई इलाकों में जंग की स्थिति बनी हुई है। दक्षिण-पश्चिम के रखाइन प्रांत में भी तेज संघर्ष हो रहा है, जो भारत के करीब का इलाका है। म्यांमार की सेना ने कुछ जगहों पर हवाई हमले भी किए हैं। खबर है कि सशस्त्र जातीय समूहों ने म्यांमार के कई सैन्य ठिकानों पर कब्जा भी कर लिया है। यह एक त्रिकोणीय-संघर्ष है, जिसमें 10 से अधिक सशस्त्र जातीय गुट, पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) और म्यांमार की सेना लड़ाई के मैदान में हैं। इस गृह युद्ध में लाखों लोग पिछले कुछ दिनों में देश के भीतर ही विस्थापित हुए हैं और कुछ हजार भारतीय सीमा में भी दाखिल हुए हैं। पिछले हफ्ते पीडीएफ द्वारा एक सैन्य ठिकाने पर कब्जे के बाद 40 से अधिक म्यांमार के सैनिक भागकर भारतीय सीमा में घुस आए थे, जिनको बाद में वापस अपने मुल्क भेज दिया गया।

म्यांमार में आंतरिक उथल-पुथल की स्थिति फरवरी, 2021 से ही बनी हुई है, जब वहां की सेना ने चुनाव नतीजों को मानने से इनकार करते हुए तख्तापलट कर दिया और चुनाव जीतने वाली आंग सान सू की व उनकी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी) पार्टी के तमाम बड़े नेताओं को गिरफ्तार कर लिया था। यह चुनाव नवंबर, 2020 में हुए थे, जिसमें एनएलडी ने सेना-समर्थित विपक्षी पार्टी को करारी मात दी थी। नतीजतन, उसने एनएलडी पर चुनाव में धांधली करने का आरोप लगाया, जिसके बाद सेना ने संसद शुरू होने से ऐन पहले देश की सत्ता अपने हाथों में ले ली। इसकी प्रतिक्रिया में निर्वाचित सांसदों ने नेशनल यूनिटी गवर्नमेंट बना ली, जिसकी सेना का नाम पीपुल्स डिफेंस फोर्स है। अब पीडीएफ और सशस्त्र जातीय गुटों (जिनको बागी गुट भी कहा जाता है) में गठबंधन बनता दिखने लगा है। जानकार यह भी मानते हैं कि इन सबसे म्यांमार सेना पर दबाव काफी ज्यादा बढ़ गया है और विशेषकर सीमावर्ती इलाकों पर से उसका नियंत्रण खत्म होता जा रहा है।



म्यांमार की यह दशा भारत की सुरक्षा के लिए भी चिंताजनक है। मीडिया खबरों की मानें (जिनकी पुष्टि नहीं हुई है), तो पिछले कुछ दिनों के भीतर ही म्यांमार से 2,000 से लेकर 5,000 तक लोग सीमा पार करके मिजोरम में दाखिल हुए हैं। वहां बीते दो वर्षों से चिन समुदाय के करीब 30 हजार लोग शरणार्थी कैंपों में रह रहे हैं, जिनका स्थानीय मिजो समाज से गहरा रिश्ता बन चुका है। जाहिर है, जैसे-जैसे म्यांमार में आंतरिक तनाव बढ़ेगा, वहां के बाशिंदों का पलायन तेज होगा, जिससे हमारी आंतरिक्ष सुरक्षा पर भी दबाव बढ़ सकता है। पिछले कुछ वर्षों में म्यांमार से करीब 10 लाख रोहिंग्या का पलायन हुआ ही है, जिसका एक हिस्सा भारत भी आया है।

इसका असर मणिपुर पर भी पड़ सकता है, जहां के हालात पहले ही बहुत अच्छे नहीं हैं। पिछले कुछ महीनों में यहां कुकी और मैतेई समुदायों के लोग जिस तरह आमने-सामने आए हैं, उसके बाद यहां सामाजिक समरसता बनाने में वक्त लग सकता है। पिछले हफ्ते ही भारत सरकार ने कई मैतेई अलगाववादी गुटों पर प्रतिबंध लगाए हैं। दरअसल, ऐसे समूह म्यांमार के सीमावर्ती इलाकों में ही पनाह पाते रहे हैं। भारत और म्यांमार की सीमा चूंकि काफी जटिल है और यह नदियों, पर्वत व घाटियों में बंटी हुई है, इसलिए इनको नियंत्रित करना काफी कठिन हो जाता है। यह भी एक वजह है कि पूर्वोत्तर भारत के कई अलगाववादी गुट केंद्र सरकार की कार्रवाई के डर से भागकर म्यांमार चले जाते हैं और फिर वहां से चीन की सीमा में दाखिल हो जाते हैं। लिहाजा, हमें म्यांमार के हालात पर पैनी नजर रखनी होगी। दोनों देशों की सीमा की चौकसी असम राइफल्स के हाथों में है। उसे और अधिक सतर्कता व सजगता दिखानी होगी।

आखिर इन गुटों की मांग क्या है? वास्तव में, म्यांमार के जातीय समूह पिछले पांच-छह दशकों से अपनी सरकार के खिलाफ हैं। वे अपने प्रभाव वाले इलाकों को आजाद करना चाहते हैं। साल 2011 से 2021 तक जब वहां सीमित लोकतंत्र था, तो इन बागी गुटों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया गया था। इसमें पूरी तरह तो नहीं, पर कुछ हद तक सफलता मिलने लगी थी। मगर 2021 के तख्तापलट ने स्थिति फिर से बिगाड़ दी। अब तो अराकन आर्मी, म्यांमार नेशनल डिफेंस अलायंस आर्मी और ताआंग नेशनल लिबरेशन आर्मी जैसे सशस्त्र समूहों ने आपस में गठजोड़ भी बना लिया है, जिसका नुकसान म्यांमार की सेना को हो रहा है।

इस पूरे घटनाक्रम में बीजिंग की भूमिका की भी विश्लेषक पड़ताल कर रहे हैं। चीन पिछले कई दशकों से म्यांमार में सक्रिय है। उसने वहां काफी ज्यादा निवेश बढ़ाया है। वह कई विद्रोही गुटों की भी मदद करता है, तो म्यांमार सेना से भी उसके काफी अच्छे रिश्ते हैं। मगर अभी जिन क्षेत्रों में लड़ाई चल रही है, उनमें चीन की सीमा से सटे इलाके भी हैं। इसका संकेत यह है कि चीन ने म्यांमार में मेल-मिलाप की जो कवायद की होगी, वह भी परवान नहीं चढ़ सकी।

देखा जाए, तो चीन और रूस ही अभी म्यांमार के मित्र देशों में शुमार हैं। भारत के साथ भी उसके संबंध ठीक है, लेकिन उसके प्रति हमारी सोच संतुलित है। हमारे लिए सुरक्षा एक बड़ा मसला है। दिसंबर, 2021 में हमारे विदेश सचिव और जून-जुलाई, 2023 में हमारे रक्षा सचिव सुरक्षा मुद्दों पर वहां के नेतृत्व से बात करके आए हैं। हम वहां आपसी बातचीत के जरिये अमन लाने के प्रयासों के पक्षधर हैं। म्यांमार आसियान का भी सदस्य राष्ट्र है, लेकिन इस संगठन का दबाव भी उस पर काम नहीं कर रहा।

कुल मिलाकर, म्यांमार अभी एक ऐसी पहेली बन चुका है, जिसे शायद ही कोई सुलझा सकता है। उस पर यूरोपीय संघ और अमेरिका का प्रतिबंध लगा है। पश्चिमी देश उससे खफा हैं। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं वहां हैं भी, तो वे सिर्फ विस्थापित लोगों की मानवीय सहायता करने में सक्रिय हैं। यानी, फिलहाल कोई भी देश, संगठन या संस्था ऐसी स्थिति में नहीं है कि वह म्यांमार की सेना, बागी गुटों और पीपुल्स डिफेंस फोर्स में सुलह-समझौता करा सके। जाहिर है, अपनी समस्याओं से म्यांमार को खुद ही लड़ना होगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# टैक्स की पनाहगाह बने देशों पर कौन लगाए लगाम

ब्रजेश कुमार तिवारी, एसोसिएट प्रोफेसर, जेएनयू

शेल कंपनियां और टैक्स हेवन जैसे शब्द फिर खबरों में हैं। टैक्स हेवन एक ऐसा देश या क्षेत्र होता है, जहां धन जमा करने वाले से न्यूनतम कर वसूला जाता है। 'टैक्स ऑब्जर्वेटरी' की एक रिपोर्ट बताती है कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने 2020 में दुनिया भर में कर के रूप में 200 अरब डॉलर का भुगतान करने से परहेज किया, यह सारा पैसा विभिन्न तरीकों से चुरा लिया गया। कर कम चुकाने की यह ऐसी रणनीति है, जिसका उपयोग वे कंपनियां करती हैं, जिनकी कई देशों में सहायक कंपनियां हैं। ये कंपनियां अपनी कमाई छिपाने के लिए ऐसे देशों में धन जमा करती हैं, जहां उन्हें मामूली कर चुकाना पड़ता है।

दुर्भाग्य से कई भारतीय कंपनियां भी देश में वांछित कर चुकाने से बचती हैं। 'ग्लोबल फाइनेंशियल इंटीग्रिटी' रिपोर्ट के अनुसार, काला धन पैदा करने के मामले में भारत दुनिया में आठवें स्थान पर है। 'बैंक ऑफ इटली' की गणना से पता चलता है कि वैश्विक टैक्स हेवन में भारत की हिस्सेदारी 10 लाख करोड़ रुपये है।

ऑक्सफेम इंटरनेशनल की 'सर्वाइवल ऑफद रिचेस्ट' रिपोर्ट के अनुसार, 2022 तक भारतीय अरबपतियों की संख्या 2020 में 102 से बढ़कर 166 हो गई है। वर्ष 2000 में भारत में घोषित रूप से केवल नौ अरबपति थे। भारत में सबसे अमीर एक प्रतिशत के पास अब देश की कुल संपत्ति का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। रिपोर्ट के अनुसार, 2021-22 में जीएसटी में 14.83 लाख करोड़ रुपये का लगभग 64 प्रतिशत हिस्सा नीचे की 50 प्रतिशत आबादी से आया, जबकि शीर्ष 10 फीसद से महज तीन प्रतिशत जीएसटी आया। एक दशक में अरबपतियों की संपत्ति करीब 10 गुना बढ़ गई है। एक अन्य पहलू भी है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ के नवीनतम प्रत्यक्ष विदेशी सूचकांक डाटा से पता चलता है कि करीब 19 प्रतिशत विदेशी पूंजी टैक्स हेवन के



जरिये भारत में आई है, जबकि सरकार का अनुमान है कि यह 32.5 प्रतिशत है।

बहरहाल, कर पनाहगाह या टैक्स हेवन की चर्चा इसलिए भी तेज हो गई है, क्योंकि साइप्रस कॉन्फिडेंशियल की जांच में वैश्विक अभिजात वर्ग द्वारा टैक्स हेवन के रूप में साइप्रस में स्थापित कंपनियों का खुलासा किया गया है। साइप्रस निवेश कार्यक्रम या गोल्डन पासपोर्ट योजना 2007 में शुरू की गई थी। अब यह भी खुलासा हो गया है कि इस योजना के तहत किन अमीर भारतीयों को लाभ हुआ। कुल 66 अमीर भारतीयों को गोल्डन पासपोर्ट के साथ साइप्रस की नागरिकता मिली है। इसमें से कुछ नाम हिंडनबर्ग रिपोर्ट में भी सामने आए थे।

दुनिया में शीर्ष टैक्स हेवन देश मुख्य रूप से बरमूडा, नीदरलैंड, सिंगापुर व स्विट्जरलैंड हैं। स्विट्जरलैंड की कुख्यात बैंकिंग प्रणाली या लक्जमबर्ग का धन प्रबंधन उद्योग वैश्विक धन की सबसे कानूनी लूट में समान रूप से शामिल है। 'सिटीजन फॉर टैक्स जस्टिस' की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि फॉर्च्यून 500 में से 370 से अधिक कंपनियां टैक्स हेवन देशों में सहायक कंपनियां संचालित करती हैं।

चिंता की बात है, दुनिया के सबसे बड़े बहुराष्ट्रीय व्यवसायों ने 2019 में अन्य देशों में कमाए गए मुनाफे का 37 प्रतिशत टैक्स हेवन देशों में स्थानांतरित कर दिया है, जो 2012 में लगभग 20 प्रतिशत था। ऐसा लगता है कि टैक्स हेवन दुनिया के अमीर व शक्तिशाली लोगों की ही परियोजना या योजना का हिस्सा हैं। टैक्स हेवन इतने शक्तिशाली हैं कि उन्हें छुआ नहीं जा सकता। इनके बारे में सीबीआई, आईटीडी और ईडी के अलावा सेबी और आरबीआई जैसी नियामक संस्थाओं को भी पता है, लेकिन कोई ठोस असर नहीं दिख रहा है।

इस समस्या के समाधान के लिए भारत ने 2016-2017 में मॉरीशस, साइप्रस व सिंगापुर के साथ संधियों पर दोबारा काम तो किया है, लेकिन यह आधा-अधूरा ही है। देश के तेज विकास के लिए कर सुधार के साथ कर वसूली में भी सुधार की बड़ी जरूरत है। सरकार प्रयास कर रही है, साल 2019 के बाद से तीन वर्षों में 1,12,509 शेल कंपनियां बंद की गई हैं। वैश्विक स्तर पर भी कर-चोरी विरोधी पहल, ओईसीडी-जी 20 को मुस्तैद करना होगा। स्वस्थ अर्थव्यवस्था के लिए कर-चोरी पर लगाम लगाना अनिवार्य है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# आलोचना की भी सीमा होनी चाहिए

अजीत द्विवेदी

भारत का एक प्राचीन नीति श्लोक है- अति सर्वत्र वर्जयेत्! कई जगह इसकी विस्तार में व्याख्या मिलती है। एक व्याख्या के मुताबिक अति रूपवती होने की वजह से सीता का हरण हुआ, अति अहंकारी होने की वजह से रावण का वध हुआ और अति दानशील होने की वजह से राजा बलि को अपना सब कुछ गंवाना पड़ा। इसलिए अति से बचना चाहिए और हर कार्य में संतुलन बनाए रखना चाहिए। भारतीय जीवन दर्शन में हर तरह के अतिरेक से बचने की सलाह दी गई है और कहा गया है कि किसी भी चीज की अति व्यक्ति के गुणों को भी दुर्गुण में बदल देती है। किसी भी चीज की अति मर्यादा के उल्लंघन में बदल जाती है। जीवन का यह सूत्र राजनीति में भी लागू होना चाहिए और हर राजनेता को चाहे वह कितना भी बड़ा यो छोटा क्यों न हो उसे इस सिद्धांत का पालन करना चाहिए। अपने विपक्षियों की आलोचना करते हुए भी संयमित होना चाहिए और एक सीमा का पालन करना चाहिए।

साढ़े नौ साल तक प्रचंड बहुमत के साथ निर्बाध सत्ता चलाने के बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके पीछे पीछे पार्टी के दूसरे नेता कांग्रेस की जैसी आलोचना करते हैं वह अक्सर अनुपात से ज्यादा और दायरे से बाहर दिखती है। कांग्रेस को भले लोकसभा में 10 फीसदी सीटें नहीं मिली हैं और इस वजह से उसे तकनीकी रूप से मुख्य विपक्षी पार्टी का दर्जा नहीं मिला है लेकिन वह देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी है। लोकसभा में



उसका स्थान है और देश के चार राज्यों में उसी सरकार है। वह अपने गठबंधन सहयोगियों के साथ देश के तीन बड़े राज्यों में सरकार में शामिल है और सात-आठ राज्यों में मुख्य विपक्षी पार्टी है। ऐतिहासिक रूप से पार्टी ने आजादी की लड़ाई और उसके बाद आजाद भारत के शुरुआती दिनों में देश के निर्माण में एक भूमिका निभाई है, जिसे कई बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी स्वीकार किया है। कुछ दिन पहले ही संसद के विशेष सत्र में उन्होंने आजादी के 75 साल के दौरान देश को बनाने में सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों के योगदान की सराहना की थी। दूसरी ओर विपक्ष को प्रधानमंत्री की आलोचना में संयम बरतना चाहिए। नरेंद्र मोदी के गुजरात का मुख्यमंत्री रहते कांग्रेस ने दायरे से बाहर जाकर जो आलोचना की थी उसने उनके लिए दिल्ली की राह आसान कर दी। उसी तरह अब जिस अंदाज में उनको अडानी के लिए काम करने वाला बता कर निजी हमले हो रहे हैं उसे भी स्वस्थ राजनीतिक आलोचना नहीं कह सकते।

बहरहाल, इस बात को भी सभी स्वीकार करते हैं कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए एक मजबूत विपक्ष का होना जरूरी है। सो, कांग्रेस एक मजबूत विपक्ष है, जिससे रचनात्मक भूमिका निभाने की उम्मीद की जाती है। भाजपा उसकी प्रतिद्वंद्वी पार्टी है और उसे पूरा अधिकार है कि वह कांग्रेस की आलोचना करे। चुनाव प्रचार के दौरान उस पर आरोप लगाए और लोगों से उसे वोट नहीं देने की अपील करे। लेकिन राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी की आलोचना की भी एक मर्यादा होती है, सीमा होती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में आलोचना के नाम पर कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में प्रधानमंत्री और गृह मंत्री अपनी सभाओं में कांग्रेस के लिए कह रहे हैं कि वह देश विरोधी ताकतों से मिली हुई है और वह आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति रखती है। ये कोई साधारण आरोप नहीं हैं।

भारत में या दुनिया के किसी भी देश में विपक्षी पार्टियों पर जो आरोप लगते हैं वे एक दायरे में होते हैं। कांग्रेस पर भी इस दायरे में आरोप लगते हैं- जैसे वह भ्रष्ट है, परिवारवादी है, उसने कोई काम नहीं किया, उसने जनता को धोखा दिया, वह एक जाति या समुदाय का तुष्टिकरण करती है आदि आदि। ये सभी राजनीतिक आरोप हैं। ये ऐसे मामले हैं, जिन्हें आरोप लगाने वाली पार्टी अदालत में नहीं ले जाती है। इन पर अंतिम फैसला कानून के जरिए किसी अदालत में नहीं होता है, बल्कि जनता करती है। परंतु देश विरोधी ताकतों से मिला होना और आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति रखना, राजनीतिक आरोप नहीं हैं। ये गंभीर आपराधिक आरोप हैं और अगर प्रधानमंत्री इस तरह के आरोप लगा रहे हैं तो उसकी गंभीरता और बढ़ जाती है। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को निश्चित रूप से पता होगा कि जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा 29ए के तहत प्रावधान है कि अगर कोई पार्टी देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता में विश्वास नहीं करती है यानी देश विरोधी काम करती है या गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून या ऐसे ही किसी अन्य कानून के तहत पार्टी को गैरकानूनी करार दिया जाता है तो उसका पंजीकरण रद्द कर दिया जाएगा।

कांग्रेस के ऊपर देश विरोधी ताकतों से मिले होने और आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति रखने के जो आरोप लगाए जा रहे हैं अगर वो सही हैं तो जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा 29ए के तहत उसका पंजीकरण रद्द हो जाना चाहिए और उसका नाम व चुनाव चिन्ह जब्त कर लिया जाना चाहिए। लेकिन सरकार ऐसा नहीं कर रही है। इतने गंभीर आरोप लगाने और सत्ता में होते हुए भी उस पर कोई कार्रवाई नहीं करने के तीन मतलब निकाले जा सकते हैं। पहला, सरकार के शीर्ष स्तर से जो आरोप लगाए जा रहे हैं वो सही नहीं हैं, दूसरा, सिर्फ राजनीतिक फायदे के लिए आरोप लगाए जा रहे हैं और तीसरा, कांग्रेस के साथ साथ सरकार भी राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता कर रही है। ध्यान रहे सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के नाते लोकसभा में कांग्रेस के नेता संसद की लोक लेखा समिति के अध्यक्ष होते हैं। अगर पार्टी देश विरोधी ताकतों से मिली हुई है तो उसके नेता को कैसे ऐसी समिति का अध्यक्ष होना चाहिए, जहां तमाम संवेदनशील रिपोर्ट पेश की जाती है? लोकसभा में कांग्रेस के नेता कई अहम नियुक्तियों के लिए बनाई गई कमेटी के सदस्य होते हैं, जिनमें प्रधानमंत्री और चीफ जस्टिस भी शामिल होते हैं।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### मतदान दल की सुरक्षा के लिए हाथियों पर नजर रख रहा अमला



**जशपुरनगर।** जशपुरनगर विधानसभा चुनाव के दौरान हाथियों से मतदान दलों को सुरक्षित रखने के लिए वनविभाग और जिला प्रशासन ने विशेष निगरानी दल का गठन किया है। डीएफओ जितेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि जिले में इस समय हाथियों की संख्या सात तक सिमटी हुई है। इसके बाद भी मतदान दलों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्थानीय हाथी मित्र दल और वन रक्षकों को हाथियों की हलचल पर विशेष नजर रखने और उनकी लोकेशन साझा करने की सख्त हिदायत दी गई है। डीएमओ ने बताया कि हाथियों की सूचना को पुलिस, सुरक्षा बलों और जिला प्रशासन के साथ तत्काल साझा किया जा रहा है, ताकि मतदान दलों की सुरक्षा सुनिश्चित किया जा सके। दरअसल ओडिशा और झारखंड की अंतरराज्यीय सीमा में स्थित जशपुर जिले के 8 में से 4 ब्लाक हाथी प्रभावित हैं। इन चार ब्लाक में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र जशपुर, कुनकुरी और पत्थलगांव शामिल है। घने जंगल के बीच स्थित गांवों में शाम के समय हाथी सड़क पर निकल आते हैं। ऐसे में इन सड़क पर चलना खतरनाक हो सकता है। जानकारों के अनुसार हाथियों की हलचल की रियल टाइम सूचना प्राप्त करना वन विभाग के लिए सबसे बड़ी चुनौती है।

### विधानसभा चुनावः अधिकांश मार्गों पर यात्री बसें नहीं

**कोरबा।** विधानसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने बड़ी संख्या में वाहनों का अधिग्रहण किया है। इसमें बसों के साथ-साथ मेटाडोर से लेकर स्कूलों में चलने वाले वाहन के अलावा पब्लिक सेक्टर व निजी क्षेत्र से संबंधित वाहन शामिल हैं। इस कार्रवाई से खासतौर पर पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर आधारित लोगों को अपने गंतव्य के लिए समस्या हो रही है। ऐसे में कम से कम उन्हें 18 नवंबर तक यात्रा संबंधी कार्यक्रम टालने होंगे। प्रशासन के द्वारा लगातार इस बारे में जानकारी दी जाती रही है। बताया गया था कि 14 नवंबर से वाहनों के अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी ताकि नियत कार्यक्रम के अंतर्गत चुनावी कामकाज के मामले में सहूलियत हो। कोरबा से विभिन्न मार्गों पर चलने वाली अधिकांश यात्री गाडियों का अधिग्रहण इस कड़ी में कर दिया गया है। वर्तमान में बहुत कम संख्या में वाहन बचे हैं जिनमें मारामारी कायम है और असुविधा के बीच लोगों के सफर करना पड़ रहा है। बुधवार और आज विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों को आगे जाने के लिए असुविधा का सामना करना पड़ा जबकि अंतरराज्यीय मार्गों पर चलने वाले वाहनों के मामले में यथास्थिति बनी हुई है। जिले में चार विधानसभा सीटों के लिए संपन्न हो रहे विधानसभा चुनाव हेतु 1081 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। एक-एक केंद्र के लिए सुरक्षा बल समेत 6 कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। एक-एक वाहन में निर्धारित रुट्स के हिसाब से कर्मियों को तैनात किया गया है। इस लिहाज से उनकी व्यवस्था की गई। प्रशासन ने कामकाज को सुचारू रूप से संपन्न कराने स्कूल और कॉलेज की बसों का अधिग्रहण भी किया है। इसके अलावा एसईसीएल, एनटीपीसी, बालको और सीएसईबी में उपयोग आने वाले वाहनों को भी अधिग्रहित किया गया है। इस लिहाज से शैक्षणिक संस्थानों में मतदान दिवस को लेकर अवकाश घोषित किया गया है।

# नहाय-खाय के साथ शुरू हुई छठ पूजा, कल खरना व्रत

## 19 को डूबते सूर्य को व 20 की सुबह उगते सूर्य को देंगे अर्घ्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। लोक आस्था का महापर्व छठ 17 नवंबर को नहाय खाय के साथ शुरू हो गया है। चार दिनों तक चलने वाले छठ पूजा के पहले दिन नहाय-खाय, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन संध्या अर्घ्य और चौथे दिन उषा अर्घ्य देते हुए समापन होता है। छठ महापर्व सूर्य उपासना का सबसे बड़ा त्योहार होता है। इस पर्व में भगवान सूर्य के साथ छठी माई की पूजा-उपासना विधि-विधान के साथ की जाती है। यह सबसे कठिन व्रतों में से एक माना जाता है। इस पर्व में आस्था रखने वाले लोग सालभर इसका इंतजार करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि छठ का व्रत संतान प्राप्ति की कामना, संतान की कुशलता, सुख-समृद्धि और उसकी दीर्घायु के लिए किया जाता है।



छठ पर्व के भिलाई शहर के छठ घाट सज गए हैं। छठ पूजा करने वाले यूपी बिहार के लोगों द्वारा वेदियां तैयार कर ली गई है। 19 व 20 नवंबर को छठ घाटों पर सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। भिलाई के प्रमुख तालाबों में छठ पूजा के लिए विशेष तैयारियां निगम प्रशासन द्वारा की गई हैं। जिस तालाब में पानी कम था उसमें जल भराव किया गया और आसपास की सफाई भी कराई गई। इस वर्ष चुनावी वर्ष होने के कारण स्कूलों में भी दीपावली के साथ ही छठ पूजा की छुट्टियां दे दी गई हैं। स्कूलों में 19 नवंबर तक छुट्टियां घोषित की गई हैं। 20 नवंबर को फिर से स्कूल खुलेंगे।

### नहाए-खाय से छठ महापर्व प्रारंभ

यह व्रत बहुत ही कठिन माना जाता है। इसमें 36 घंटों तक कठिन नियमों का पालन करते हुए इस व्रत को रख जाता है। छठ पूजा का व्रत रखने वाले लोग चौबीस घंटो से अधिक समय तक निर्जल उपवास रखते हैं। इस पर्व का मुख्य व्रत षष्ठी तिथि को रखा जाता है, लेकिन छठ पूजा की शुरुआत कार्तिक मास में शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से हो जाती है, जिसका समापन सप्तमी तिथि को प्रातः सूर्योदय के समय अर्घ्य देने के बाद समाप्त होता है।

### कल खरना, 19 को देंगे डूबते सूर्य को अर्घ्य

खरना यानी लोहंडा छठ पूजा का दूसरा दिन होता है। इस साल खरना 18 नवंबर को है। इस दिन का सूर्योदय सुबह 06 बजकर 46 मिनट पर और सूर्यास्त शाम 05 बजकर 26 मिनट पर होगा। छठ पूजा का तीसरा दिन संध्या अर्घ्य का होता है। इस दिन छठ पर्व की मुख्य पूजा की जाती है। तीसरे दिन व्रती और उनके परिवार के लोग घाट पर आते हैं और डूबते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। इस साल छठ पूजा का संध्या अर्घ्य 19 नवंबर को दिया जाएगा। 19 नवंबर को सूर्यास्त शाम 05 बजकर 26 मिनट पर होगा। चौथा दिन छठ पर्व का अंतिम दिन होता है। इस दिन उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है और इस महाव्रत का पारण किया जाता है। इस साल 20 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इस दिन सूर्योदय 06 बजकर 47 मिनट पर होगा।

### छठ पूजा का महत्व

छठ पूजा के दौरान सूर्यदेव और छठी मैया की पूजा की जाती है। इस पूजा में भक्त नदी व तालाबों के पवित्र जल में स्नान करते हैं। महिलाएं निर्जला व्रत रखकर सूर्य देव और छठी माता के लिए प्रसाद तैयार करते हैं। दूसरे और तीसरे दिन को खरना और छठ पूजा कहा जाता है। महिलाएं इन दिनों एक कठिन निर्जला व्रत रखती हैं। साथ ही तीसरे दिन शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है और चौथे दिन महिलाएं उगते सूरज को अर्घ्य देती हैं और फिर व्रत का पारण करती हैं।

# सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता शुरू

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजनांदगांव। दिल्ली पब्लिक स्कूल द्वारा 16 से 20 नवम्बर तक बालक वर्ग की सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में देश-विदेश के 20 क्लस्टर की 41 विजेता और उपविजेता टीमों ने भाग लिया है। जिसमें 600 खिलाड़ी, प्रशिक्षक मैनेजर, 60 अम्पायर्स एवं रेफरी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के मैचेस दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव के दो मैदान एवं सांई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव के आठ मैदान पर खेले जाएंगे।






मुख्य अतिथि लूईस जॉर्ज महासचिव व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफइंडिया, विशिष्ट अतिथि संतोष कुमार सिंह सीबीएसई आब्जर्वर, डॉ. आशिष जीवनमाल एमबीबीएस एमडी एनेसथिसिया, अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राजेश्वर राव सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। आए हुए अतिथियों का स्वागत शाला के निदेशक एवं प्राचार्य निर्मला सिंह ने पुष्प गुच्छ से किया। मुख्य अतिथि लूईस जॉर्ज ने खिलाडियों को खेल भावना के साथ अनुशासन में रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढने के लिए हमें तुलानात्मक अध्ययन करने की आवश्यकता है। हम किसी से तुलना करके आगे बढने की प्रेरणा लेते हैं। सीबीएसई ऑब्जर्वर संतोष कुमार सिंह ने खिलाडियों को लक्ष्य की प्राप्ति के लिए किसी भी विषम परिस्थिति का सामना करने के लिए प्रेरित किया क्योंकि हार के बाद ही जीत है। डॉ. आशिष जीवनमल ने कहा कि खेल से हमें जीवन में अनुशासित रहने की शिक्षा मिलती है। आपस में सहयोग की भावना बढ़ती है और अनेकता में एकता की भावना विकसित होती है। शाला के निदेशक अभिषेक वैष्णव ने डीपीएस परिवार की तरफसे सभी का स्वागत करते हुए कहा कि यह डीपीएस राजनांदगांव के लिए गौरव का विषय है कि हमें आतिथ्य सत्कार करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। खेल के माध्यम से शारीरिक स्वस्थता के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है।

स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है अतः सार्वांगीण विकास के लिए जीवन में खेल की अहम भूमिका रही है। शाला की प्राचार्य निर्मला सिंह ने आए हुए कोच रेफरी एवं खिलाडियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। शाला के छात्र कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा आए हुए अतिथियों को स्मृति चिह्न प्रदान किया गया।

# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में पूरक परीक्षाओं की 25 हजार उत्तरपुस्तिका मूल्यांकित

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग में पूरक परीक्षा 2023 के केन्द्रीय मूल्यांकन आरंभ होने से अब तक 25 हजार उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकित हो चुकी है तथा शेष उत्तरपुस्तिकाओं का केन्द्रीय मूल्यांकन तीव्र गति से जारी है।




यह जानकारी देते हुए विष्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव, एवं उपकुलसचिव, डॉ. राजमणि पटेल ने संयुक्त रूप से बताया कि विधानसभा चुनाव तथा दीपावली अवकाष के कारण 05 से 19 नवंबर तक पूरक परीक्षाएं स्थगित हैं इस बीच में 04 नवंबर तक सम्पन्न सभी पूरक परीक्षाओं का केन्द्रीय मूल्यांकन कार्य प्रगति पर है। इस बीच आज विष्वविद्यालय ने बीसीए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय कक्षा के पूरक परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिये। परीक्षा परिणामों के अनुसार बीसीए प्रथम वर्ष में 226 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए जिनमें से 176 उत्तीर्ण घोषित किये गये। इनका कुल परीक्षा परिणाम 78 प्रतिषत् रहा। बीसीए द्वितीय वर्ष में 173 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए जिनमें से 139 उत्तीर्ण घोषित किये गये। इनका कुल परीक्षा परिणाम 80 प्रतिषत् रहा। बीसीए तृतीय वर्ष में कुल परीक्षा परिणाम 91 प्रतिषत् रहा। इसमें परीक्षा में शामिल 113 परीक्षार्थियों में से 103 सफल रहे। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान में लगभग 40 मूल्यांकन कर्ता प्राध्यापक उत्तरपुस्तिकाओं का केन्द्रीय मूल्यांकन कर रहे है तथा विष्वविद्यालय की कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा एवं कुलसचिव, श्री भूपेन्द्र कुलदीप प्रतिदिन केन्द्रीय मूल्यांकन का निरीक्षण कर रहे है। अगामी सप्ताह में पूरक परीक्षा के अधिकांष परीक्षा परिणाम विष्वविद्यालय प्रषासन जारी करेगा। विष्वविद्यालय की पूरक परीक्षाएं 29 नवंबर को समाप्त हो रही है।


ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578




Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




CONTACT
Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### छत्तीसगढ़ में मौसम के मिजाज में होगा बदलाव, थोड़ी कम होगी ठंड बढ़ेगा न्यूनतम तापमान

**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज थोड़ा बदलने वाला है और आने वाले कुछ दिनों में ठंड थोड़ी कम होगी। मौसम विभाग का कहना है कि अगले चार दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होगी। मौसम विभाग का कहना है कि शुक्रवार को प्रदेश का मौसम शुष्क रहेगा और अधिकतम व न्यूनतम तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी होगी।

गुरुवार को रायपुर सहित प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहा। इन दिनों उत्तर से आने वाली नमी के चलते सुबह-सुबह के साथ ही रात में भी ठंड बढ़ने लगी है। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि एक गहरा अवदाब पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी ते ऊपर है। इसके लगातार उत्तर पूर्व की ओर आगे बढ़ेत हुए और प्रबल होने की संभावना है। यह बांग्लादेश तट में मंगोल और खेपूपारा के पास 18 नवंबर को टकराने की संभावना है। शुक्रवार को प्रदेश का मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

### *बलरामपुर सबसे ठंडा, 12.5डिग्री पहुंचा न्यूनतम तापमान*

प्रदेशभर में गुरुवार को बलरामपुर सबसे ठंडा रहा। एआरजी बलरामपुर में न्यूनतम तापमान 12.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पेंड्रा रोड में न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री सेल्सियस और अंबिकापुर में 12.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं रायपुर में न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया,जो सामान्य रहा।




### बचपन की इच्छा पूरी, मौत के बाद अंगदान से पांच की संवारी जिंदगी डाक्टर ने दी सलामी

**रायपुर (ए)।** हम सभी कहीं न कहीं किसी तरह से दान करने का काम करते रहते हैं। सबसे बड़ा दान अंगदान को कहा जाता है। इसका कारण यह है कि इससे किसी अन्य व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जिसमें एक 18 वर्षीय युवक ने अपने अंगों का दान करके पांच लोगों की जिंदगी को संवारा है। राजधानी के फाफाडीह निवासी गुजराती परिवार का 18 वर्षीय युवक बचपन से ही हीमोफीलिया बीमारी से पीड़ित था। सिर में तेज दर्द होने की शिकायत पर 10 नवंबर को एम्स के मेडिसिन विभाग में भर्ती कराया गया था।

डाक्टरों ने जांच में पाया कि युवक के मस्तिष्क में आंतरिक रक्तस्राव (इंट्रा-सेलेब्रल हेमरेज) है, जिसे रोका नहीं जा सकता है। एम्स के विभिन्न विभागों के डा. सबाह सिद्दीकी, डॉ. अनिल शर्मा, डॉ. सरोज बाला, डॉ. रोहिणी रुक्कम, डॉ. शुक्रिया और डॉ. दिबाकर साहू के प्रयास के बाद भी अत्यधिक रक्तस्राव के कारण मरीज ब्रेन डेड हो गया। 13 नवंबर को डाक्टरों की कमेटी ने युवक को ब्रेन डेड की पुष्टि की।

मरीज की बहन ने डाक्टरों को बताया कि जन्म से ही हीमोफिलिया होने की वजह से भाई की बचपन से इच्छा थी की यदि उससे कुछ हो जाए तो उसके अंग व शरीर को दान कर दिया जाए। स्वजन की सहमति के बाद मरीज के दोनों किडनी, दोनों आंखें, स्किन और शरीर को दान कर दिया गया। अंगों को सुरक्षित ले जाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई, जिसमें विभिन्न अस्पतालों से डाक्टरों की टीम ने सहयोग किया। एम्स के नेफ्रोलाजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विनय राठोर ने बताया कि एक किडनी रामकृष्ण केयर हास्पिटल, एक किडनी एम्स व स्किन डीकेएस हास्पिटल में इलाज करा रहे मरीजों को दान की गई। साथ ही आंखों को एम्स के आई बैंक और शरीर को भी एनाटोमी लैब में दान की गई।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने किया मतदान, सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने आज सवेरे रायपुर के धरमपुरा पूर्व माध्यमिक शाला स्थित मतदान केंद्र में मतदान किया। उन्होंने आम मतदाताओं की तरह लाइन में लगकर अपने परिवार सहित मतदान किया। उन्होंने यहां बनाए गए दोनों मतदान केंद्रों में चल रहे मतदान का अवलोकन भी किया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने मतदान केंद्र में मतदाताओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा भी लिया। उन्होंने इस दौरान लोगों से अपने परिवार के सभी मतदाताओं सहित मतदान अवश्य करने की अपील की। उन्होंने लोकतंत्र के इस त्योहार में मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी के लिए 'छोड़कर सारे काम सबसे पहले करें मतदान' का संदेश दिया।




### जनसंपर्क एवं परिवहन आयुक्त दीपांशु काबरा मे सपरिवार किया मतदान

**रायपुर।** जनसंपर्क एवं परिवहन आयुक्त दीपांशु काबरा ने आज सपरिवार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जनसंपर्क आयुक्त दीपांशु काबरा के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रचना काबरा ने भी वोट डालकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।




### अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने किया मतदान

**रायपुर।** अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने देवेंद्र नगर मतदान केंद्र पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने सभी वोटर्स से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।




### मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सपरिवार किया मतदान

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज देवेंद्रनगर के मतदान केंद्र पहुँच कर सपरिवार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। श्री जैन के साथ उनकी धर्मपत्नी ऋतु जैन एवं सुपुत्री अदिति जैन ने भी वोट डाला। मुख्य सचिव जैन ने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अनुरोध किया।




### रायपुर में कलेक्टर ने पत्नी के साथ मतदान किया

**रायपुर।** रायपुर में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भूरे ने देवेंद्र नगर स्थित मतदान केंद्र पहुंचकर अपने पत्नी के साथ मतदान किया। कलेक्टर डॉ. भूरे के साथ उनकी धर्मपत्नी डॉ रश्मि भूरे ने भी वोट डाला। कलेक्टर डॉ. भूरे ने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की।




### राज्यपाल विश्वदीप हरिचंदन ने सपत्निक किया मतदान

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन एवं प्रथम महिला सुप्रभा हरिचंदन ने आज सिहावा भवन सिविल लाईन्स स्थित आदर्श मतदान केंद्र पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राज्यपाल हरिचंदन ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों का कर्तव्य है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करें। मतदान के बाद राज्यपाल ने सेल्फी जोन में फोटो भी खिंचाई।




### जनसंपर्क सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने अपनी धर्मपत्नी के साथ किया मतदान

**रायपुर।** जनसंपर्क सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने आज सपरिवार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जनसंपर्क सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी के साथ उनकी धर्मपत्नी गार्गी परदेशी ने भी वोट डालकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।



# प्रज्ञाशील व्यक्ति सुधारे बिना नहीं रह सकतेः प्रवर प्रवीण ऋषि

**रायपुर (ए)।** जंबूस्वामी की जिज्ञासा से एक अनूठे स्तोत्र का जन्म हुआ। सुधर्मा स्वामी ने उनकी जिज्ञासा को शांत करते हुए पुच्छिंसुणं की 108 पंक्तियों में प्रभु महावीर के साथ बिताये 30 वर्षों के अनुभव को सजाया है। पुच्छिंसुणं एक अनूठा स्तोत्र है जिसे प्रभु के जीवन को जीने वाले सुधर्मा स्वामी अपने शब्दों में सजाया है और बुधवार से इसकी आराधना लालगंगा पटवा भवन में शुरू हुई है। उपाध्याय प्रवर प्रवीण ऋषि के मुखारविंद से श्रावक इस आराधना का लाभ ले रहे हैं। उक्ताशय की जानकारी रायपुर श्रमण संघ के अध्यक्ष ललित पटवा ने दी।

गुरुवार को उपाध्याय प्रवर प्रवीण ऋषि ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सुधर्मा स्वामी ने सबसे पहले प्रभु की उस विशेषता का जिक्र किया कि जो हमारी नजर से ओझल होती है। हम शुरुआत करते हैं कि प्रभु करुणा के सागर है, परमा पराक्रमी है, लेकिन सुधर्मा स्वामी ने क्षेत्रेज्ञ से शुरुआत की। दो क्षेत्र हैं, एक स्वयं का और दूसरे का। जहां मैं रहता हूं वह स्वयं का क्षेत्र है और दोनो क्षेत्रों में 3 लोक हैं। इन लोकों, क्षेत्रों में हमें क्या देखना है? इस क्षेत्र में दो प्रकार के प्राणी रहते हैं, एक त्रस व दूसरे स्थावर। कुछ वेदनाएं होती हैं, जिन्हे हम व्यक्त नहीं कर सकते हैं। कुछ को हम व्यक्त कर सकते हैं। कुछ व्यक्ति होते हैं को अपनी अनुभूति को अभिव्यक्त कर पाते हैं, और कुछ नहीं कर पाते। जो अनुभूति को व्यक्त कर पाते हैं वो त्रस हैं, जो नहीं कर पाते वो स्थावर हैं। संवेदना दोनों के पास है, सुख-दु:ख को अनुभूति दोनों को है। कुछ लोग अपनी संवेदनाओं के आधार पर खुद को बदल लेते है, वे त्रस कहलाते हैं। जो खुद को नहीं बदल पाते हैं उन्हें स्थावर कहते हैं। जो अपने अनुभव से सीखता नहीं है वह स्थावर है। इनकी सोचा रहती है कि जैसा चल रहा है, वैसा ही चलेगा। जो त्रस हैं उनके मोक्ष में जाने की संभावना होती है। कभी कभी स्थावर त्रस में जा सकता है और त्रस स्थावर में। जो त्रस होकर स्थावर में जाते हैं वो किसी की लेश्या से प्रेरित होकर बदलाव को स्वीकार करते हैं। प्रभु महावीर ने इनकी समीक्षा की है कि ये त्रस क्यों बना, स्थावर क्यों बना? जो हुआ है उसके अलावा जितनी संभावनाएं है उसे देखने को प्रज्ञा कहते हैं। जो हुआ है उसे जनना ज्ञान है, लेकिन जो यह देखता है कि इसके अलावा भी कुछ हो सकता है, और भी कई संभावनाएं थी, इसकी समीक्षा करता है तो प्रगति होती है।




# रायपुर पश्चिम भाजपा प्रत्याशी मूणत और कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप जुनेजा ने डाला वोट

**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए 70 सीटों में मतदान जारी है। लोकतंत्र के महापर्व में मतदाता उत्साह के साथ अपने मतों का प्रयोग कर रहे हैं। वहीं चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशी अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। इस बीच रायपुर पश्चिम के भाजपा प्रत्याशी राजेश मूणत ने अपने परिवार के साथ और रायपुर उत्तर के कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप जुनेजा ने भी वोट डाला।

भाजपा प्रत्याशी राजेश मूणत सहपरिवार मतदान करने पहुंचे। मूणत ने मायाराम सर्जन उत्कृष्ट पूर्व माध्यमिक विद्यालय मतदान केंद्र में माता-पिता, धर्मपत्नी, पुत्र, पुत्री और बहू के साथ मताधिकार का प्रयोग किया। पूर्ण बहुमत के साथ प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने का दावा किया। इस दौरान राजेश मूणत ने कहा कि आम जनता से मेरी अपील है। लोकतंत्र के महापर्व पर बढ़ चढ़कर हिस्सा ले। आपका मत प्रदेश के भविष्य को तय करेगा. कांग्रेस सरकार के कुशासन से जनता थक चुकी है। पूरे प्रदेश में भाजपा पूर्ण बहुतमत के साथ सत्ता पर लौट रही है।





रायपुर उत्तर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप जुनेजा आदर्श स्कूल में मतदान किया। रायपुर उत्तर विधानसभा सीट में प्रत्याशी कुलदीप जुनेजा और भाजपा से पुरंदर मिश्रा हैं। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पार्षद एवं एमआईसी अजीत कुकरेजा हैं।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# गुलाब की पंखुड़ियों को खाने के हैं अनोखे फायदे स्किन केयर के लिए इस तरह करें सेवन

गुलाब का फूल महज सजावट की वस्तु नहीं है, बल्कि इनका इस्तेमाल अन्य कई चीजों में भी किया जाता है। उदाहरण के लिए महिलाएं अपने स्किन केयर में गुलाब के फूलों से बनी चीजों को जरूर शामिल करती हैं। गुलाब जल के बिना शायद ही महिलाओं का कोई स्किन केयर पूरा होता होगा। लेकिन क्या आप जानते हैं गुलाब के फूल की पंखुड़ियां खाना भी स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है। जी हां, गुलाब के फूलों का सेवन करके आप त्वचा पर गुलाब जैसा ही सॉफ्ट और गुलाबी निखार ला सकती हैं।



दरअसल गुलाब के फूल दिखने में जितने खूबसूरत होते हैं, त्वचा पर इसके फायदे भी उतने ही लाजवाब होते हैं। इसीलिए कई महिलाएं गुलाब के फूलों का रोज वॉटर, रोज ऑयल और रोज पाउडर का फेस पैक बनाकर इसे चेहरे पर अप्लाई करती हैं। मगर, क्या आप गुलाब के फूलों को खाने के फायदों से वाकिफ हैं। अगर नहीं, तो आइए हम आपको बताते हैं गुलाब के फूलों को खाने के कुछ अनोखे फायदों के बारे में।

### त्वचा की परेशानियां होंगी दूर

नियमित रूप से गुलाब के फूलों का सेवन करने के त्वचा से जुड़े भी कई फायदे हैं। इसकी मदद से आप स्किन की डलनेस और ड्रायनेस जैसी दिक्कतों से चुटकियों में निजात पा सकते हैं।

### निखरी त्वचा का राज

गुलाब के फूलों में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट तत्व त्वचा के डैमेज सेल्स को रिपेयर करने के साथ-साथ स्किन इंफैक्शन से भी दूर रखने का काम करता है। जिससे आपकी त्वचा सुंदर और हेल्दी बनी रहती है।

### विटामिन्स से भरपूर

गुलाब के फूलों में विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन ई, आयरन और कैल्शियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में गुलाब की पत्तियों का सेवन करने से त्वचा के दाग-धब्बे, सीजनल इंफैक्शन और एलर्जी से दूर रहने में मदद मिलती है।

### गुलकंद का करें इस्तेमाल

अगर आपको गुलाब की पत्तियां खाना बिल्कुल पसंद नहीं है। मगर, आप अपनी त्वचा को गुलाब सा निखार देने की चाहत रखते हैं, तो ऐसे में आप गुलकंद का स्वाद चख सकती सकते हैं। बता दें कि गुलकंद को गुलाब की पत्तियों, शहद और शक्कर मिक्स करके बनाया जाता है, जो खाने में बेहद स्वादिष्ट लगता है।

### गुलाब के फूलों से बनाएं चाय

अगर आप चाय के बेहद शौकीन हैं, तो गुलाब के फूलों की चाय भी ट्राय कर सकते हैं। इसे बनाने के लिए 1 कप गर्म पानी में गुलाब के फूलों की पंखुड़ियां मिलाकर 5 मिनट तक उबालें। अब इस पानी को 2-3 मिनट तक ढक कर रख दें। इसके बाद पानी को छान लें और शहद या चीनी के साथ गुलाब की चाय का सेवन करें।

# जूनियर एनटीआर की देवरा टीम ने फिर से शूटिंग की शुरू



दिवाली की छुट्टी के बाद ग्लोबल स्टार जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा का निर्माण फिर से शुरू हो गया है। एक बार फिर इसकी शूटिंग आगे बढ़ रही है। टीम अब फीचर के कुछ सबसे अहम हिस्सों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

अपने एक्स अकाउंट पर फिल्म निर्माताओं ने एक बयान जारी किया, त्योहार के चलते अवकाश के बाद, हमारी टीम सेट पर वापस आ गई है। देवरा पार्ट 1 5 अप्रैल, 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी।

फिल्म की शूटिंग के कुछ अंश पहले सामने आए थे, जिसमें कई जूनियर कलाकारों को दुश्मनों के रूप में अभिनय करते हुए दिखाया गया था। इसमें स्टंटमैन एक सीन को कोरियोग्राफ कर रहे थे, जो एक ब्लडी एक्शन सीन था, जहां जूनियर एनटीआर को स्पष्ट रूप से लाशों के ढेर पर खड़ा होना था। फिल्म ने आखिरी शूटिंग अपडेट अक्टूबर में दिया था जब उन्होंने गोवा में फिल्म की शूटिंग शुरू करने की घोषणा की थी।



# बीपी ज्यादा रहता है तो क्या खाली पेट चाय पीना सही है या गलत?

## ये बात ध्यान रखें वरना बिगड़ जाएगी तबियत

हाई बीपी और दिल से जुड़ी बीमारी इन दिनों हमारी लाइफस्टाइल से जुड़ सी गई है। हर दूसरा व्यक्ति हाई बीपी और हार्ट अटैक के जोखिम से जूझ रहा है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि हाई बीपी-डायबिटीज के तार बाकी दूसरी बीमारियों से जुड़े हुए हैं। हेल्थ एक्सपर्ट हो या डॉक्टर अक्सर यह कहते हैं कि हाई बीपी या हार्ट से जुड़ी बीमारी कहीं न कहीं हमारी खराब लाइफस्टाइल के कारण होता है। खासकर भारतीय की लाइफस्टाइल में चाय का एक अहम महत्व है। ज्यादातर लोग चाय से ही अपने दिन की शुरुआत करते हैं। बिना चाय पिए उनकी दिन की शुरुआत नहीं होता है लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या हाई बीपी के मरीज को खाली पेट चाय पीनी चाहिए। आज हम इसी पर चर्चा करेंगे।

### हाई बीपी के मरीज को क्या खाली पेट चाय पीना चाहिए या नहीं

हाई बीपी के मरीज को हमेशा दूध वाली चाय पीने से बचना चाहिए। क्यों दूध वाली चाय बीपी कम करने के बजाय बढ़ा सकती है। सिर्फ इतना ही नहीं यह गैस और ब्लड वेसेल्स को सिकुड़ जरूर देती है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि दिल ब्लड को पंप करने का काम करता है। हाई बीपी में दिल पर प्रेशर पड़ता है। जिसके कारण हाई बीपी की समस्या हो सकती है। इसलिए खाली पेट दूध वाली चाय पीने से बचें।

### हाई बीपी में कौन सी चाय पिएं

### ग्रीन टी

हाई बीपी के मरीज के लिए सबसे अच्छी चाय होती है ग्रीन टी। ग्रीन टी सिकुड़े हुए ब्लड वेसेल्स को खोलने का काम करता है। साथ ही साथ हाई बीपी की समस्या को भी कम करता है। ग्रीन टी में जो एंटीऑक्सीडेंट्स और कैटेचिन होते हैं वह ब्लड वेसेल्स को खोलने का काम करता है जिसके कारण ब्लड सर्कुलेशन ठीक होता है।

### ब्लैट टी

अगर हाई बीपी वाले ब्लैक टी भी पिएंगे तो वह उनके ब्लड वेसेल्स के लिए अच्छा है। साथ ही साथ दिल से जुड़ी कई समस्याओं को ठीक करने में भी मदद करता है। हाई बीपी के मरीज नींबू की चाय भी पी सकते हैं।




# बैकलेस आउटफिट पहन मलाइका अरोड़ा ने दिए सेक्सी पोज

बॉलीवुड की हॉट और बोल्ड फैशनिस्ट मलाइका अरोड़ा आए दिन अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉटनेस भरा अंदाज देखकर लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। अपने परफेक्ट फिगर और फैशन स्टेटमेंट्स के चलते अक्सर लाइमलाइट में रहने वाली एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा हमेशा अुपने लुक्स से फैंस के बीच तबाही मचा देती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों को देखकर मदहोश हो जाते हैं। हाल ही में मलाइका अरोड़ा ने अपनी बैकलेस बॉडीकॉन गाउन में कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो काफी गॉर्जियस नजर आ रही हैं। ओपन हेयर और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। मलाइका अरोड़ा ने अपनी इन फोटोज में हॉट और सिजलिंग अंदाज में एक से बढ़कर एक किलर पोज दिए हैं। एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। एथनिक हो या फिर वेस्टर्न एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा अपने हर लुक में बवाल दिखती हैं। एक्ट्रेस के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो म्यूजिक वीडियोज और कई आइटम सॉन्ग्स में नजर आ चुकी हैं।

# कपिल शर्मा लेकर आ रहे नया शो, नेटफ्लिक्स से मिलाया हाथ

एक्टर कपिल शर्मा दुनिया भर में अपने फैंस के लिए फ्रेश, नए और एक्साइटिंग कॉमेडी के साथ एक ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्टैंडअप कॉमेडी और टॉक शो के अपने पूरे गैंग को लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कपिल के साथ, हंसी की पावरहाउस अर्चना पूरन सिंह, फैंस के पसंदीदा कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा और राजीव ठाकुर हैं। इसका ऐलान करते हुए होस्ट ने कहा, घर बदला है, परिवार नहीं! प्रोमो वीडियो में कपिल को यह कहते हुए सुना जा सकता है, मैंने कहा था कि हमारे नए घर में सब कुछ नया होना चाहिए, फिर आप यह पुराना क्यों ले आए?

जैसे ही वह फ्रिज खोलता है तो उसमें अर्चना बैठी हुई दिखाई देती हैं। कपिल अपने मैनेजर से पूछते हैं: उन्हें यहां किसने बुलाया? सबसे पहले, फ्रिज इतना पुराना है, और अंदर की चीज और भी पुरानी है! वीडियो में अन्य कलाकारों की झलक दिखाई गई है। कपिल के मैनेजर कहते हैं- सभी को जाने दो? जिस पर कपिल जवाब देते हैं- हमने अपना घर बदला है, अपना परिवार नहीं। नेटफ्लिक्स इंडिया की उपाध्यक्ष (कंटेंट) मोनिका शेरगिल ने कहा, कपिल शर्मा बड़े एंटरटेनर हैं जिनकी विरासत और कॉमेडी ने उन्हें कई सालों तक पूरे भारत में एक घरेलू नाम बना दिया है। यह जल्द ही नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग होगी।



# पर्दे पर कमबैक करने के लिए तैयार हैं जेनिफर विंगेट

**जेनिफर विंगेट एक लंबे ब्रेक के बाद स्क्रीन पर वापसी के लिए तैयार हैं। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया के जरिए खुद इसकी अनाउंसमेंट की है। खास बात यह भी है कि एक्ट्रेस एक बार फिर अपने पुराने को-स्टार करण वाही के साथ स्क्रीन शेयर करती दिखाई देने वाली हैं। बता दें कि इससे पहले जेनिफर और करण एक साथ टीवी सीरियल दिल मिल गए में नजर आए थे। दर्शकों को उनकी जोड़ी बहुत पसंद आई थी।**

जेनिफर ने अपने इंस्टाग्राम पर करण वाही और शो के डायरेक्टर अनिरुद्ध राजदेरकर के साथ कुछ फोटोज शेयर की है। फोटोज में एक्ट्रेस उनके साथ पोज देते और स्क्रिप्ट पर काम करती दिखाई दे रही हैं। पोस्ट के साथ जेनिफर ने कैप्शन में लिखा- बैक इन, चीजों का झुकाव और कैसे, सच में एक लंबे ब्रेक के बाद! राजदेरकर के साथ वापसी और मेरे वाहिंदर के साथ काम करना + उसी दिन 17एम में रिंग करना! जश्न मनाने का क्या तरीका है! वाकई में जश्न मनाने का दिन!

दरअसल जहां एक तरफ जेनिफर करण के साथ कमबैक कर रही हैं तो वहीं दूसरी तरफ एक्ट्रेस के इंस्टाग्राम पर 17 मिलियन फॉलोअर्स हो गए हैं। ऐसे में एक्ट्रेस के लिए यह डबल सेलिब्रेशन का मौका है। जेनिफर आखिरी बार क्राइम ड्रामा वेब शो कोड एम में दिखाई दी थीं। सीरीज में तनुज विरवानी, आलेख कपूर, रजत कपूर और मधुरिमा रॉय जैसे कलाकार शामिल थे। अब एक्ट्रेस अनिरुद्ध राडेरकर और करण वाही के साथ फिर से काम करने के लिए एक्साइटेड हैं। बता दें कि जेनिफर विंगेट और करण वाही के साथ रीम शेख भी सीरीज का हिस्सा होंगी। सीरीज दो बहनों की लव स्टोरी पर बेस्ड होगी। इससे पहले रीम शेख तुझसे है राब्ता, फना-इश्क में मरजावां और तेरे इश्क में घायल जैसे सीरियल्स में लीड रोल निभी चुकी हैं।

जेनिफर विंगेट की बात करें तो वे आखिरी बार छोटे पर्दे पर बेहद सीजन 2 में शिविन नारंग के साथ नजर आई थी। यह 2020 में खत्म हो गया था और तब से ही जेनिफर ने छोटे पर्दे पर काम नहीं किया। इसके बाद वे कोड एम 2 में दिखाई दी थीं।



दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243



BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332



# सजाए गए संगवारी मतदान केंद्र, मतदान के पश्चात् सेल्फी लेने का मिल रहा है मौका

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा । लोकतंत्र के महापर्व में मतदान के साथ अपनी पसंद का जनप्रतिनिधि चुनने मतदाता आज 17 नवंबर को मतदान कर रहे है। कोरबा जिले के सभी चार विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई है। मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण किया जा चुका है। मतदान दल अपनी पूरी टीम के साथ निर्धारित मतदान केंद्रों पर भी पहुंच गए हैं।**




विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए कलेक्टर एवं जिलानिर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार अन्य विशेष तैयारियां भी की गई है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में संगवारी मतदान केंद्र, दिव्यांगो द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र, युवा मतदान केंद्र, आदर्श मतदान केंद्र तैयार किए गए हैं। खास बात यह है कि महिला मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने संगवारी मतदान केंद्र बनाकर विशेष रूप से सजाया गया है। इन बूथों में पीठासीन अधिकारी से लेकर मतदान दल के सभी अधिकारी महिलाएं होंगी। यहां मतदान के पश्चात् परिसर में सेल्फी जोन भी तैयार किया गया है, जहां मतदाता सेल्फी ले सकते हैं।

जिले में अलग-अलग विधानसभा अंतर्गत कुल 40 संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए हैं। सभी विधानसभा क्षेत्र में 10-10 संगवारी मतदान केंद्र बनाया गया है। इसी तरह जिले में 20 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक युवा और दिव्यांग कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र बनाए गए हैं। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले में पुरूष एवं महिला अधिकारी निर्वाचन कार्यों को पूर्ण कराने में सहभागी बनेंगे। विधानसभा कोरबा अंतर्गत मतदान अधिकारी क्रमांक 03 में महिलाएं ही होंगी। इसके अलावा कटघोरा विधानसभा अंतर्गत 28 मतदान केंद्रों में भी महिलाएं मतदान अधिकारी क्रमांक 03 के रूप में कार्य करेंगी। संगवारी मतदान केन्द्र में पीठासीन अधिकारी श्रीमती रुक्मणी चंद्रा, श्रीमती अमिता सक्सेना ने बताया कि हमारी टीम केंद्र पर पहुँच गई है और लोकतंत्र के महापर्व मतदान दिवस में मिली निर्वाचन जिम्मेदारी पर गर्व महसूस कर रहे हैं। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं के सहयोग के लिए मतदाता सहायक (वोटर असिस्टेंट) उपलब्ध होंगे। वोटर असिस्टेंट द्वारा मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम ढूंढने और मतदान केंद्र के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा मतदाता मित्र के रूप में एनसीसी व एनएसएस के कैडेट्स भी मतदान केंद्रों में उपलब्ध होंगे। 1124 मतदाता मित्रों द्वारा दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिकों तथा शारीरिक रूप से अक्षम मतदाताओं को सहयोग प्रदान करने एवं व्हील चेयर, पेयजल, प्राथमिक स्वास्थ्य उपलब्ध कराने में सहयोग करेंगे। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 633 सीनियर स्काउट्स-गाइड्स, रोवर्स रेंजर्स मतदाता मित्र के रूप में तैनात किया गया है। मतदान दल में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदान केंद्रों में प्राथमिक उपचार से संबंधित मेडिकल किट स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा आपातकालीन परिस्थितियों में मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारी नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार हेतु सम्पर्क कर सकते हैं। महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केंद्रों में एंबुलेंस भी तैनात होंगी।

## विजयलक्ष्मी ने कहा- दीपावली ईश्वरी कर्तव्य का यादगार पर्व है



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** बुधवार को ब्रह्माकुमारी बहनों ने आत्म ज्ञान भवन में दीपावली के बाद भाईदूज पर्व मनाया। 108 दीपकों को परमधाम के रूप में सजाया गया। बहनों ने भाइयों को टीका लगाया। बच्चों ने नृत्य किया।

ब्रह्माकुमारीज की मुख्य संचालिका बीके विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा कि दीपावली ईश्वरी कर्तव्य का यादगार पर्व है। जब चारों ओर हिंसा, अपराध, व्यसन, कर्तव्य हीनता, गंदगी, स्वार्थ, धोखा, अहंकार, भ्रष्टाचार आदि का अंधकार छा जाता है तब स्वयं निराकार भगवान शिव इस धरा पर आकर के ज्ञान दीप जगा कर आत्मा को देवी संस्कार से परिपूर्ण करता है। 5 दिन के इस त्योहार में धनतेरस का संबंध अन्न और स्वास्थ्य से है। नरक चतुर्दशी अर्थात संसार को नर्क बना देने वाला देह अभिमान ही नरकासुर है। देह अभिमान ही सभी विकारों की जननी है इसलिए ज्ञानदीप जलाकर देह अभिमान रूपी दैत्य का नाश कर विकारों के बन्दीगृह से आत्मा को मुक्त करने का यह यादगार पर्व है। बीके सरिता दीदी ने कहा कि दीपावली सुख-दुख को भूल नए उमंग उत्साह में रहना। भूतकाल में जो भी कुछ कमजोरी रह गई है उसका त्याग करना, आत्म ज्योति जगा कर दुश्मन को भी दोस्त बनाने का यह आनंद उत्सव दीपावली है।

## खास खबर

### खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ अनुशासन में रहने किया प्रोत्साहित

**राजनांदगांव।** दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव द्वारा बालक वर्ग की सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। 20 नवंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का उद्घाटन गुरुवार को हुआ। इस प्रतियोगिता में देश-विदेश के 20 क्लस्टर की 41 विजेता और उपविजेता टीमें भाग ले रही हैं। जिसमें 600 खिलाड़ी, प्रशिक्षक मैनेजर, 60 अंपायर्स एवं रेफरी शामिल हैं। प्रतियोगिता के मैचेस दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव के दो मैदान एवं सांई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव के आठ मैदान पर खेले जा रहे हैं। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासचिव व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफइंडिया लूईस जॉर्ज थे। विशिष्ट अतिथि संतोष कुमार सिंह सीबीएसई आब्जर्वर, डॉ.आशिष जीवनमाल, अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राजेश्वर राव सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत शाला के निदेशकगण एवं प्राचार्या निर्मला सिंह ने किया। देश-विदेश एवं विभिन्न राज्यों से आए हुए खिलाड़ियों का परेड स्थल पर अतिथियों ने मार्च पास्ट की सलामी ली। मुख्य अतिथि लूईस जॉर्ज ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ अनुशासन में रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए हमें तुलनात्मक अध्ययन करने की आवश्यकता है। हम किसी से तुलना करके आगे बढ़ने की प्रेरणा लेते हैं। इसी संदर्भ में सीबीएसई आब्जर्वर संतोष कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को लक्ष्य की प्राप्ति के लिए किसी भी विषम परिस्थिति का सामना करने के लिए प्रेरित किया क्योंकि हार के बाद ही जीत है। डॉ.आशीष जीवनमल ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल से हमें जीवन में अनुशासित रहने की शिक्षा मिलती है। आपस में सहयोग की भावना बढ़ती है। अनेकता में एकता की भावना विकसित होती है। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी विजयश्री की कामना की।

### इधर मठपारा मुक्तिधाम में तीन पीढ़ी की एक साथ हुई अंत्येष्टि

**राजनांदगांव।** ओडिशा में सड़क हादसे में पिता-पुत्र और पोते की मौत हो गई। इस हादसे के बाद गुरुवार को सन सिटी में मातम पसर गया। यहां से मठपारा मुक्तिधाम में तीन पीढ़ी का एक साथ अंतिम संस्कार हुआ। उनकी कार अनियंत्रित होकर जोड़ीमंडेली घाट से करीब 70 फीट नीचे खाई में गिर गई थी। हादसे में बहू की हालत गंभीर है। 14 नवंबर को राजनांदगांव के सनसिटी एन एक्स निवासी गौरव ठक्कर (35 वर्ष) अपनी कार से विशाखापट्टनम जाने के लिए निकले थे। उनके साथ पिता नंदलाल ठक्कर (62 वर्ष), पत्नी रचना ठक्कर (32 वर्ष) और बेटा नमन ठक्कर (10 वर्ष) भी कार में सवार थे। सभी लोग रात करीब 9 बजे जगदलपुर पहुंचे थे। यहां सभी ने चाय नाश्ता किया। इसके बाद आगे के सफर पर रवाना हुए। करीब एक घंटे बाद उनकी कार ओडिशा-आंध्रा बॉर्डर पर जोड़ीमाडेली घाटी पहुंची थी। जोड़ीमाडेली घाटी पहुंचने पर गौरव ठक्कर अपनी कार से नियंत्रण खो बैठे और कार घाटी से करीब 70 फीट नीचे खाई में गिर गई।

## लगातार तीन दिन खरीदी बंद रहेगी, जिले के 143 केंद्रों में 3.67 लाख क्विंटल धान जाम


श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** जिले के 143 केंद्रों में 15 हजार 527 किसान 4 लाख 90 हजार 52.40 क्विंटल धान बेच चुके हैं। जिसमें से एक लाख 22 हजार 112 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। इस लिहाज से अब तक 3 लाख 67 हजार क्विंटल धान का परिवहन होना बाकी है। भले ही विभागीय अफसर दावा कर रहे हैं कि अन्य जिलों की तुलना में परिवहन की रफ्तार बेहतर है लेकिन गुरुवार दोपहर तक की स्थिति में जिले के 143 केंद्रों से 24.79त्न धान का परिवहन हो पाया था। हालांकि किसी भी केंद्र में खरीदी प्रभावित नहीं हुई है लेकिन आने वाले समय में ऐसी स्थिति आ सकती है।

बहरहाल जिले के सभी केंद्रों में शुक्रवार से रविवार तक लगातार तीन दिन खरीदी बंद रहेगी। शुक्रवार को विधानसभा चुनाव के अंतर्गत मतदान है। जिसके चलते शासन स्तर से ही खरीदी बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। शनिवार व रविवार को शासकीय अवकाश के चलते खरीदी बंद रहेगी। धान उठाव के लिए एक सप्ताह पहले तक 66 राइस मिलर्स पंजीयन करवा चुके थे। पिछले साल 90 ने पंजीयन कराया था। जानिए, किन समितियों में कितना क्विंटल धान जाम गैंजी में 9006 क्विंटल, कंवर में 8573 क्विंटल, कुसुमकसा में 7890 क्विंटल, कोसागोंदी में 5049 क्विंटल, अछोली में 1678 क्विंटल, अरकार में 3301 क्विंटल, अर्जुन्दा में 2008 क्विंटल, अरमरीकला में 3145 क्विंटल, मेड़की में 3429 क्विंटल, आमाडुला में 2388 क्विंटल, कुआगोंदी में 3038 क्विंटल, कनेरी में 2506 क्विंटल, कुरदी में 3002 क्विंटल, कोचेरा में 3123 क्विंटल, कोटगांव में 2518 क्विंटल, कोड़ेवा में 3036 क्विंटल, गुजरा में 4762 क्विंटल, गुरूर में 4986 क्विंटल धान का उठाव होना बाकी है। इसी तरह बाकी केंद्र में 500 से लेकर 3000 हजार क्विंटल धान जाम है। समिति प्रबंधक व कर्मचारियों के अनुसार अभी कम किसान धान बेचने के लिए पहुंच रहे हैं। इस वजह से खरीदी प्रभावित नहीं हो रही है। विभागीय अफसरों का दावा है कि इस बार 105 राइस मिलर्स पंजीयन करवा सकते हैं। जिसके बाद परिवहन की रफ्तार बढ़ेगी। बारदाने के एवज में 25 का भुगतान होगा किसी केंद्र में बारदाने की कमी होने पर अगर किसान के बारदाने से धान खरीदी की नौबत आती है तो प्रत्येक बारदाना के एवज में संबंधित को 25 रुपए भुगतान किया जाएगा। इस संबंध में समिति वाले किसानों को सूचना दे चुके हैं। बहरहाल डिमांड अनुरूप अब तक कितने बारदाने की सप्लाई हो चुकी है। इस संबंध में कोई बता नहीं पा रहे है। तर्क दे रहे हैं कि शुरू दिन ही 48 लाख बारदाने की सप्लाई हो चुकी थी। इसके बाद जहां जरूरत हो रही है, वहां के समिति प्रबंधक डिमांड कर रहे हैं।

# छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े छठघाट पर दिवाली सा नजारा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बिलासपुर।** छठ महापर्व आज यानी 17 नवंबर से शुरू हो रहा है। पहले दिन नहाय खाय के साथ छठ पर्व का आगाज होगा। इस दिन तोरवा स्थित छठ घाट पर शाम को अरपा मइया की महा आरती की जाएगी। इसके लिए अरपा तट को आकर्षक लाइट से सजाया गया है, जिससे यहां का नजारा दिवाली जैसे हो गया है।

पर्व के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था बनाने के लिए दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक भारी वाहनों की आवाजाही बंद रखी जाएगी। बता दें कि अरपा का छठ घाट देश का सबसे बड़ा घाट है, जहां एक साथ 50 हजार छठव्रती सूर्य देव को अर्घ्य देती हैं।

मुख्य रूप से पूर्वोत्तर राज्यों में मनाया जाने वाला छठ बिलासपुर में भी धूमधाम से मनाया जाने लगा है। शहर के सरकंडा और तोरवा पुल के पास सामूहिक रूप से छठ पर्व मनाने के लिए घाट का निर्माण किया गया है। हर साल यहां बड़ी संख्या में लोग पर्व मनाने पहुंचते हैं। पाटलीपुत्र संस्कृति विकास मंच के इस आयोजन में शहरवासी भी हिस्सा लेते हैं।

छठ पर्व के दौरान आयोजन समिति की तरफ से तोरवा स्थित छठघाट में विशेष इंतजाम किए गए हैं। घाट की साफ-सफाई से लेकर व्रती महिलाओं के लिए नदी किनारे बैरिकेड्स लगाए गए हैं। इसके साथ ही आयोजन स्थल पर आकर्षक लाइट और आतिशबाजी की भी व्यवस्था की गई है। रंग-बिरंगे पटाखों की लड़ियों से आसमान में सतरंगी छटा बिखरेगी।

इस बार 20 नवंबर को छठ पर्व का समापन होगा। इसकी शुरुआत 17 नवंबर से नहाय खाय के साथ हो रही है। पाटलीपुत्र विकास मंच की ओर से इस दिन शाम को 5 बजे अरपा मइया की महाआरती की जाएगी। चार दिनी इस उत्सव में शनिवार 18 नवंबर को खरना और 19 नवंबर रविवार की शाम डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती महिलाएं 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू करेंगी। दूसरे दिन 20 नवंबर की सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही पर्व का समापन होगा और व्रत की पारणा की जाएगी। सूर्य आराधना के इस पर्व में सूर्य देव की पूजा-अर्चना कर छठी मइया की भी पूजा की जाती है।

### भारी वाहनों की आवाजाही रहेगी बंद

ट्रैफिक डीएसपी संजय साहू ने बताया कि छठ पर्व के दौरान राज किशोर नगर तोरवा में अरपा माता की महाआरती का आयोजन होगा। इसके लिए यातायात व्यवस्था बनाने के लिए परिवर्तित मार्ग की व्यवस्था की गई है। यहां पार्किंग स्थल पर जवानों की ड्यूटी भी लगाई गई है।

दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक सभी तरह के भारी वाहनों का प्रवेश राज किशोर नगर छठ घाट की ओर प्रतिबंधित रहेगा।

महासमुंद बाईपास मोड़ से भारी वाहनों का प्रवेश गुरु नानक चौक की ओर भी प्रतिबंधित किया गया है।


मोपका तिराहे पर भी परिवर्तित मार्ग की व्यवस्था की गई है। भारी वाहनों को राज किशोर नगर छठ घाट की ओर प्रतिबंधित किया गया है। उनके लिए मोपका-सेंदरी बाईपास से आवाजाही करने की व्यवस्था की गई है।

### केशकाल घाट में 13 दिनों तक ट्रकों की एंट्री बैन

# रुट डायवर्ट, कल से 30 नवंबर तक चलेगा मरम्मत का काम, कार और बसें चलेंगी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर। कोंडागांव जिले में केशकाल घाट से 13 दिनों के लिए मालवाहक वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। 18 से 30 नवंबर तक यहां सड़क मरम्मत का काम चलेगा। इसी वजह से ट्रकों की आवाजाही के लिए रुट डायवर्ट किया गया है। जबकि, कार-बस समेत अन्य छोटी वाहनों की आवाजाही बरकरार रहेगी।**



दरअसल, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर स्थित केशकाल घाट में लोक निर्माण विभाग बी.टी. पेंच और मरम्मत का कार्य करेगा। 13 दिनों के लिए मालवाहक वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की गई है। अफसरों ने बताया कि, रायपुर जाने के लिए केशकाल के विश्रामपुरी चौक से विश्रामपुरी, बोराई, सिहावा नगरी होते हुए धमतरी और रायपुर पहुंचा जा सकता है।

वहीं कोंडागांव, जगदलपुर को जाने के लिए कांकेर जिले के माकड़ी ढाबा के पास परिवर्तित मार्ग से होते हुए भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ एवं नारायणपुर के रास्ते कोंडागांव पहुंचा जा सकेगा। यात्री बस समेत छोटी वाहनों की आवाजाही केशकाल घाट से ही बरकरार रहेगी।

### सड़कें जर्जर, हादसे से मार्ग होता है बाधित

केशकाल घाट की सड़कें पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। जिससे आए दिन हादसे होते रहते हैं। हादसों की वजह से अमूमन 10 से 12 घंटों तक मार्ग भी बाधित हो जाता है। जिससे राहगीरों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसे में प्रशासन अब सड़क की मरम्मत करवाने और स्थिति को बेहतर करने की कोशिशों में जुटा हुआ है।

### छठ महापर्व से पहले शहर में दुरुस्त होगी सफाई व्यवस्था

**राजनांदगांव।** छठ पर्व से पहले शहर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने शहर के तालाबों एवं घाटों की सफाई करने निर्देश दिए हैं। प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा को मोती तालाब व चिखली तालाब के अलावा अन्य तालाबों के आस पास साफ सफाई कराने, दवा का छिड़काव कराने के निर्देश दिए हैं। दिवाली पर्व के दौरान शहर में भीड़ की स्थिति निर्मित हो गई थी। समानों की खरीदी-बिक्री के कारण कचरा फैल गया था, जिसकी सफाई करने निर्देशित किया गया है। नालियों से कचरा निकालने के बाद कचरे को तुरंत उठाव होगा, दवा एवं चुना का छिड़काव भी किया जाएगा वहीं मच्छर के बढ़ते प्रकोप को ध्यान में रख वार्डो में फागिंग की जाएगी। पसरा वालों को गंदगी न फैलाने कचरा वाहन में डालने, डस्टबीन का उपयोग करने की समझाइश दी जा रही है।


Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430


दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर, अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# आरपीएफ ने मिशन जीवन रक्षा के तहत एक साल में 25 लोगों की बचाई जान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** अक्सर देखा जाता है कि ट्रेन छूटने के बाद यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करते हैं। ऐसे ही उतरने का भी प्रयास करते हैं। इस दौरान हादसों का शिकार भी होते हैं। ऐसे हादसों से लोगों को बचाने के लिए रेलवे सुरक्षा बल द्वारा मिशन जीवन रक्षा अभियान चलाया जा रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत आरपीएफ ने वर्ष 2022-23 के बीच पिछले एक साल में ऐसे 25 लोगों को मौत के मुंह से बचाया है। जिसमें पुरुष एवं महिला यात्रियों के साथ बच्चे भी शामिल है।



रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रेल यात्रियों, रेल संपत्ति की सुरक्षा के साथ ही साथ अपने सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कर रही है । रेलवे सुरक्षा बल द्वारा कर्तब्यनिष्ठा से जरूरतमंद यात्रियों को सहायता प्रदान करने के साथ-साथ यात्रियों, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा एवं सहायता के किए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। कुछ ऐसी घटनाएं होती हैं जिनमें यात्री जल्दबाजी में चलती ट्रेन में चढ़ने व उतरने की कोशिश करते हैं, फिसल जाते हैं और ट्रेन के पहियों के नीचे आ कर गिरने से जान को जोखिम में डाल लेते हैं । ऐसे लोगों को मिशन जीवन रक्षा के अंतर्गत आरपीएफ कर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर बचाया है।

इसके साथ ही रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सदस्य दीपावली एवं छठपर्व आड़ त्योहारों के दौरान जब ट्रेनों एवं स्टेशनों में यात्रियों की बहुत अधिक भीड़-भाड़ होती है, उस दौरान सभी प्रमुख स्टेशनों में गहन जांच, संदिग्ध नशा खुरानी गिरोह पर निगरानी, तथा रेलवे स्टेशन पर भीड़ नियंत्रण की विस्तृत व्यवस्था के साथ ही साथ महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा एवं सहायता के किए तत्परता से कार्य कर रही है। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करती है कि चलती ट्रेनों में चढ़ने या उतारने का प्रयास ना करें, यह जानलेवा हो सकता है।

## खास-खबर

### चुनाव से एक दिन पहले खून से लथपथ मिला कांग्रेस कार्यकर्ता का शव, जांच में जुटी पुलिस

**जशपुर।** कुनकुरी थाना क्षेत्र के हर्राडांड़ जखाटोली बस्ती में गुरुवार सुबह कांग्रेस कार्यकर्ता वृंदा राम बैगा (65) की खून से लथपथ लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के बेटे संजय राम ने बताया कि बुधवार रात सात बजे के आसपास उसके पिता प्रचार करके घर लौटे थे। थोड़ी देर बाद स्वेटर पहनकर बस्ती में प्रचार करने निकले। सुबह सड़क किनारे जाकर देखा तो उनकी लाश मिली। वे काफी मिलनसार थे और किसी से दुश्मनी भी नहीं थी।

कांग्रेस कार्यकर्ता रजौटी निवासी बालमुकुंद राम ने बताया कि वृंदा राम कांग्रेस पार्टी का सच्चा सिपाही था। बाहर भी ट्रेनिंग की थी। उसके घरवालों ने बताया कि वह कल रात खाना खाकर घर से यूडी मिंज का प्रचार करने निकला था। बालमुकुंद शक जाहिर कर रहे हैं कि वृंदा राम की हत्या राजनीतिक हो सकती है। उन्होंने बताया कि बुधवार रात कुरकुंगा गांव में आप पार्टी के प्रत्याशी लियोस मिंज के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने मारपीट की, जिसकी रिपोर्ट थाने में हुई है। उसी रात कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या हो जाने से शक और गहराता जा रहा है। वहीं दूसरी ओर घटनास्थल पर मौजूद लोगों का कहना है कि वृंदा गांव का बैगा था और पूजा-पाठ करता था। संभव है कि किसी ने जादू टोने के संदेह में यह हत्या कर दी हो। फिलहाल कुनकुरी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर कारणों का पता लगा रही है।

### ओडारसकरी में तीन युवकों ने दो भाइयों को पीटा

**बालोद (ए)।** ग्राम ओडारसकरी में तीन युवकों ने दो भाइयों की पिटाई कर दी। दीपेश ठाकुर ने बताया कि बुधवार को मातर त्योहार था। इस वजह से गौठान गया था। इस दौरान खोमेन्द्र ठाकुर, पारसमणी निर्मलकर, राजा यादव तीनों पहुंचे और गाली गलौज करने लगे। जिसके बाद जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट की। बड़ा भाई तुलेश्वर ठाकुर बीच बचाव करने आया तो उसकी भीा पटाई कर दी। दोनों को अंदरुनी चोट लगी है। पिता को देखकर तीनों भाग गए। वहीं ग्राम देवरी में टामन लाल ने दंपती की पिटाई कर दी। गंगाधर साहू ने बताया कि बुधवार शाम 6 बजे घर के पास गली में खड़ा था। इसी दौरान टामन लाल यादव आया और रंजिश को लेकर गाली गलौज कर धक्का मुक्की की। बीच बचाव करने पत्नी पहुंची तो टामन ने हाथ मुक्का से मारपीट की। दोनों मामले में अर्जुन्दा थाने में आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### पत्नी के सामने पति का किया था अपहरण, आरोपी गिरफ्तार

**बैकुंठपुर (ए)।** जान से मारने की धमकी देकर बंदूक की नोंक पर 8 माह पहले पत्नी के सामने पति का अपहरण करने वाले आरोपी को जनकपुर पुलिस ने मध्यप्रदेश से गिरफ्तार कर अगले दिन न्यायालय में पेश किया। यहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

2 फरवरी को जनकपुर के ग्राम सिंगरौली निवासी महाजन कुशवाहा को ग्राम विक्रमपुर बुढ़ार, जिला शहडोल, मध्यप्रदेश निवासी आरोपी लल्लू उर्फविजेंद्र उपाध्याय अपने तीन अन्य साथियों के साथ बोलेरो वाहन लेकर पहुंचे और महाजन को उसके घर से घसीटते हुए कट्टे की नोंक पर पत्नी के सामने से अपहरण कर ग्राम डोम्हरा बेलगांव सड़क की ओर ले गए। यही नही, पत्नी सुशीला को धमकाया कि यदि दो लाख रुपए नही पहुंचाए तो पति को जान से मार देंगे। मामले में पुलिस ने आगे बताया कि महाजन का अपहरण कर आरोपियों ने ग्राम ग्राम कठौतिया थाना सिंगरौली, जिला शहडोल मप्र के जंगल में रखकर फिरौती की मांग कर रहे थे। आरोपियों को पकड़ने और उन तक पहुंचने के लिए साइबर सेल की मदद ली और मोबाइल का लोकेशन ट्रेस कर पुलिस आरोपियों तक पहुंच गई। पुलिस के आने की भनक लगने पर आरोपी महाजन कुशवाहा को छोड़कर मौके से फरार गया था।

### बाइक की टक्कर से छात्र हुआ घायल, चालक फरार

**बालोद (ए)।** शहर के शिकारीपारा स्थत पानी टंकी के पास बाइक की टक्कर से छात्र कमल किशोर साहू घायल हो गया। घटना को देखकर कमलकिशोर की बहन ने चालक को डांटा तो वह गाली गलौज कर फरार हो गया। प्रेमूलाल साहू ने बताया कि बुधवार को मातर मनाने जगनाथपुर सांकरा गया था।

वहां से शाम 7.30 बजे घर पहुंचा तो परिजन ने जानकारी दी कि बेटा कमल किशोर साहू पानी टंकी के पास खड़ा था। इसी दौरान बाइक चालक अमन साहू ने कमल किशोर को टक्कर मार दी। जिससे पैर में चोट लगी है। घटना के बाद बेटी कुंज लता साहू ने बाइक चालक को डांटी। जिसके बाद वह गाली गलौज कर भाग गया। बालोद थाने में बाइक चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 294 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# अंधे कत्ल का खुलासा: महिला ने पति के साथ मिलकर की थी युवक की हत्या

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर (ए)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पुलिस को अंधे कत्ल का खुलासा करने में सफलता मिली है। यहां के तोयनार थाना क्षेत्र में सात नवंबर को एक युवक का शव मिला था। मृतक की पहचान तारूण अरविंद के रूप में हुई जो कि लैब टेक्निशियन का काम करता था। शुरुआती जांच में पुलिस को हत्या की आशंका हुई और इसी एंगल से जांच भी की गई। शव मिलने के 10वें दिन पुलिस ने इस मामले का खुलासा किया। दरअसल युवक की हत्या यहां की एक महिला ने अपने पति के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने आरोपी पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है।



मामला बीजापुर के तोयनार थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक घटना की जांच के दौरान दो संदिग्ध मोबाइल नंबर मिले। मोबाइल की जांच के बाद पुलिस ने संदेह के आधार पर रमेश यालम को हिरासत में लिया। पूछताछ में रमेश यालम ने सबकुछ उगल दिया। पूछताछ पर उसने बताया कि मृतक तारूण अरविंद जिला अस्पताल में लेब टेक्निशियन के पद पर कार्यरत था। उसकी पत्नी सिकल-सेल से पीड़ित है, जो समय-समय पर ब्लड की जांच के लिए जिला अस्पताल जाती थी। ब्लड टेस्ट के लिए रजिस्टर में नाम और मोबाइल नंबर दर्ज था। तारूण अरविंद ने मेरी पत्नी से स्किल सेल के सबंध में लगातार बात करता रहता था।

रमेश यालम ने बताया कि बाताचीत के दौरान तारूण अरविंद ने पत्नी से रमेश के बारे में पूछा तो पत्नी ने बता दिया कि तेलंगाना में नौकरी करता हैं। इसके बाद तारूण लगातार फोन करके पत्नी को परेशान करता था, जिसकी सूचना पत्नी ने रमेश को दी। इसके बाद रमेश यालम तेलंगाना से अपने घर वापस आया। रमेश यालम ने पत्नी से फोन कराकर उसे धनोरा सीसी रोड के पास मिलने के लिए बुलाया। तारूण अरविंद अपनी मोटरसाइकिल से धनोरा सीसी रोड के पास आया, जिसे रमेश यालम और उसकी पत्नी लाठी से पीट-पीटकर मार डाला। घटना में उपयोग की गई लाठी और मृतक के मोबाइल को पास के खेत में छुपा दिया। पुलिस ने घटना उपयुक्त लाठी और मोबाइल को आरोपी के निशानदेही पर बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ थाना तोयनार में वैधानिक कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है।

# खेलते-खेलते पानी की टंकी में गिरा डेढ़ साल का बच्चा, मौत से परिजनों में मचा कोहराम

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पानी की टंकी में गिरने से डेढ साल के बच्चे की मौत हो गई। दरअसल बच्चा खेलते खेलते टंकी के पास पहुंचा और उसमें गिर गया। काफी देर तक बच्चे की तलाश की गई लेकिन नहीं मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस को सूचना देने के बाद बच्चे के बारे में पता चला। टंकी से निकालकर बच्चे को अस्पताल ले गए लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

मिली जानकारी के अनुसार बीजापुर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर के वाहन चालक का डेढ़ साल का बच्चा घर के बाहर खेल रहा था। कुछ देर बाद बच्चे के न दिखने पर लोगों ने उसकी तलाश की। काफी देर ढूंढने के बाद भी बच्चा नहीं मिला। कई घंटों की तलाश के बाद बच्चे का कुछ पता नहीं चला तो पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। सूचना मिली कि बच्चा घर के पास कुछ ही दूर पर स्थित मुकेश राठी के घर खेलते-खेलते पहुंच गया था। उनके घर में सीढ़ी के किनारे बने पानी टंकी का ढक्कन आधा खुला हुआ था। बच्चा उसी में गिर गया। इसके बाद घरवाले टंकी के पास पहुंचे और बच्चे को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसने मृत घोषित कर दिया।

# बैटरी चार्जिंग के दौरान ई-स्कूटी में लगी आग, साथ में 3 बाइक भी जली

**कवर्धा (ए)।** शहर से लगे सैगोना रोड पर एक मकान में बैटरी चार्जिंग के दौरान इलेक्ट्रानिक स्कूटी में आग लग गई। इस आगजनी के कारण साथ खड़े 3 अन्य मोटर साइकिल भी पूरी तरह से जल गए। आग इतनी भयंकर थी कि दो मंजिला मकान की दीवारें काले हो गए। गनीमत है कि आग घर के अंदर नहीं पहुंची। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।



घटना के दौरान मकान की दूसरी मंजिल में परिवार के सदस्य सोए हुए थे। जानकारी के मुताबिक घटना गुरुवार सुबह करीब 7 बजे की है। सैगोना रोड निवासी भीखम जायसवाल के दो मंजिला मकान के नीचे बरामदे में इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी और 3 मोटर साइकिल खड़े थे। मकान मालिक ने ई-स्कूटी की बैटरी को चार्जिंग पर लगाया था। सुबह करीब 7 बजे ई-स्कूटी में धमाके के साथ आग लग गई, जिसके चलते साथ खड़े 3 अन्य मोटर साइकिल जल गए। आसपास लोगों की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जब तक आग बुझाई गई, मोटर साइकिल पूरी तरह से जल चुके थे।

घटना के वक्त ऊपर कमरे में सोया था पूरा परिवार सैगोना रोड स्थित जिस मकान में मोटर साइकिलों में आग लगी, वह दो मंजिला मकान है। नीचे सीढ़ियों के पास मोटर साइकिलों की पार्किंग है। ऊपर कमरे में परिवार रहता है। वहीं किरायेदार भी रहते हैं। घटना के वक्त सभी सोए हुए थे। जब गाड़ियों में आग लगी, तो परिवार के लोग ऊपर ही फंस गए थे। क्योंकि सीढ़ियों के पास मोटर साइकिलें जल रही थी। जो अन्य मोटर साइकिलें जली, उनके से दो किरायेदारों की थी।

# वर्क फ्रॉम होम से पैसे कमाने का झांसा देकर 3.36 लाख की ठगी

**भिलाई।** भिलाई अमलेश्वर थाना अंतर्गत प्राइवेट कंपनी मैनेजर साइबर ठगी का शिकार हो गई। प्रार्थिया से वर्क फ्रॉम होम की बात कही और होटल और रेस्टोरेंट को रेटिंग देने पर पेमेंट करने का झांसा दिया। इसके बाद लिंक भेजकर ट्रेडिंग टास्क के नाम पर कई बार में 3.36 लाख रुपए से ज्यादा की राशि अपने खाते में डलवा लिए। शिकायत पर पुलिस ने धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।




पुलिस ने बताया कि ग्रीन अर्थ सिटी अमलेश्वर निवासी रानी लता खुटे (29वर्ष) प्राइवेट इंश्योरेंस कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। 9 नवंबर की शाम रानी लता को अंजान नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम रोहित बताया। उसने कहा कि वर्क फ्रॉम होम करना है। पूछने पर बताया कि उसे लिंक पर होटल या रेस्टोरेंट को रेटिंग देना है। प्रत्येक रेटिंग पर 200 रुपए मिलेंगे। प्रार्थिया के रजामंद होने पर लिंक के माध्यम से नियम व शर्तों बताई गई। इसके बाद रेटिंग के लिए एक लिंक भेजा। टास्क पूरा करने पर फोन-पे के माध्यम से 200 अकाउंट में भेज दिया। अगले दिन रानी लता को एक ग्रुप में जोड़कर लिया गया, जहां ट्रेडिंग टास्क के नाम पर 1000 रुपए इन्वेस्ट करने पर उसे 1500 रुपए मिलने की बात कही। 1 हजार रुपए पेमेंट करने पर उसके खाते में 1500 रुपए आ गए। इसके बाद 3000 हजार इनवेस्ट करने पर 4300 रुपए मिलने की बात कही। इसके बाद जब युवती आरोपियों के झांसे में पूरी तरह आ गई तो आरोपी ने अलग-अलग किस्तों में 8000, 28600, 98000 और 208560 रुपए डलवा लिए।

# शराब पीने से लगाई फटकार तो बेटे ने की मां की हत्या

**कांकेर (ए)।** कोरर थाने के ग्राम मरकाटोला में शराबी पुत्र ने अपनी मां की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वाटिनटोला दुर्गूकोंदल निवासी मृतका के पोते सुभाष सलाम ने बताया कि एक महीने पहले उसके दादा बुंदेल सिंह की मौत होने के बाद से वह मरकाटोला अपनी दादी चमरिन बाई के घर ही रहता था।

घर में दोनों के अलावा चाचा मोहन सलाम भी रहते थे। 14 नवंबर की शाम 4 बजे वह घूमने गया था। रात को लौटा तो लाइट जलाने पर परछी में खून के धब्बे दिखे। वह पड़ोसी को जानकारी देते उसके साथ अंदर गया। किचन के पास दादी चमरिन बाई सलाम खून से लथपथ जमीन पर पड़ी थी। उसकी सांस चल रही थी और पास ही चाचा मोहन सलाम हाथ में डंडा पकड़े खड़ा था। वे लोग डर गए और बाहर निकल ग्रामीणों को जानकारी दी। अन्य लोगों के साथ दोबारा पहुंचे तब तक आरोपी ने महिला को घसीटते किचन से बाहर निकालकर परछी में खाट में लेटा दिया था। महिला की तब तक मौत हो चुकी थी। आरोपी भी फरार हो गया था। बाद में पुलिस ने उसे गांव से पकड़ा। पूछताछ में पता चला कि आरोपी आदतन शराबी है। मां ने शराब पीने को लेकर फटकार लगाई तो गुस्से में आकर उसकी हत्या कर दी।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


















## खास - खबर

### स्वरोजगार प्रशिक्षण के लिए 20 तक आवेदन आमंत्रित

**दुर्ग।** बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग भारत सरकार द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण संस्थान है जो ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। आरसेटी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक-युवतियों को नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार विकास को सुगम बनाना है। आरसेटी द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम आत्म-उत्पादकता, सशक्तिकरण, कौशल विकास, उद्यमिता, बैंकिंग और सेवाओं के बारे में शिक्षण प्रदान करते हैं। आरसेटी द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को बढ़ाने में मदद मिलती है। संस्थान के निदेशक से प्राप्त जानकारी अनुसार संस्थान द्वारा जिला दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा के ग्रामीण क्षेत्रों के युवक/युवतियों हेतु 20 नवंबर 2023 से कम्प्यूटर हार्डवेयर नेटवर्किंग (45 दिन) का नि:शुल्क आवासीय (भोजन व्यवस्था के साथ) प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है। इस प्रशिक्षण में एकाउंटिंग की पारंपरिक पद्धिति के साथ कंप्यूटर एकाउंटिंग (टैली) से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिसमें दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा के ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों से 20 नवंबर 2023 तक आवेदन आमंत्रित है। प्रशिक्षण हेतु आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, नरेगा जॉब कार्ड, मार्कशीट, पासपोर्ट फोटो की छायाप्रति अनिवार्य है। संपर्क के लिए 0788-2961973 शंकराचार्य हॉस्पीटल के पास जुनवानी भिलाई दुर्ग पर स्थित है।

### सीबीएसई स्कूलों में गिल्ली-डंडा, धूप और कौड़ी, लंगड़ी का भी खेल होगा

**भिलाई।** भिलाई केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल (सीबीएसई) से संबद्ध स्कूलों में 15 दिसंबर तक फिट इंडिया सप्ताह के तहत स्पोर्ट्स और अन्य कार्यक्रम होंगे। स्कूलों में यह कार्यक्रम 15 नवंबर से होना था, लेकिन इन दिनों स्कूलों में दीपावली और विधानसभा चुनाव की छुट्टी है। इसकी वजह से सोमवार से इसका आयोजन किया जाएगा। फिट इंडिया सप्ताह में 19 खेल शामिल किए गए हैं। इसमें कबड्डी, कुश्ती अखाड़ा, खो-खो, कलीयारी पुद्ध, रस्साकशी, मलखंब, हेक्को (नागालैंड), स्काय (कश्मीर), छऊ और पाइका अखाड़ा, (मार्शल आर्ट और सेमी क्लासिकल का अपना वर्जन), कबड्डी, थांग-ता (मणिपुर का देसी मार्शल ऑर्ट), शूटिंग बॉल, लागोरी और लंगड़ी, गतका, रोल बॉल, धूप और कौड़ी खेल, सिलंबम, गिल्ली-डंडा आदि खेल शामिल हैं। सीबीएसई के दुर्ग क्षेत्र के संयोजक आरएस पांडेय ने बताया कि सीबीएसई ने संबद्ध स्कूलों को फिट इंडिया सप्ताह के संबंध में पत्र भेजा है। इसमें 19 लोकल खेलों को शामिल किया गया है। इस मुहिम से छात्रों और शिक्षकों के साथ-साथ बच्चों के अभिभावकों को भी शामिल किया गया है। इसमें तकनीक के जरिए हर व्यक्ति अपने फिटनेस की भी जांच कर सकेगा। स्कूल संचालक अपनी सुविधा के अनुसार 15 दिसंबर तक फिट इंडिया सप्ताह का आयोजन कर सकेंगे। प्रश्नोत्तरी, निबंध, पेंटिंग समेत अन्य स्पर्धाएं भी होंगी स्कूलों में खेल के साथ और भी अन्य कार्यक्रम होंगे। प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन, योग आसन, नृत्य, पारंपरिक और स्थानीय खेलकूद की स्पर्धाएं होंगी। फिट इंडिया सप्ताह में शामिल होने वाले सभी पंजीकृत स्कूलों को डिजिटल प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा। छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों को जागरूक किया जाएगा स्कूली और उच्च शिक्षण संस्थानों में फिट इंडिया वीक का पांचवां संस्करण है।

### मेंटेनेंस: दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस सिर्फ जयपुर तक ही चलेगी

**भिलाई।** रेलवे प्रशासन की ओर से उत्तर-मध्य रेलवे के अंतर्गत फुलेरा-गोविंदी-मारवाड़ सेक्शन में ट्रैक दोहरीकरण और फुलेरा यार्ड रिमोर्डिंग का काम 11 से 27 दिसंबर तक किया जाएगा। इसकी वजह से कुछ ट्रेनों को केवल जयपुर तक ही चलाई जाएगी। कुछ ट्रेनों का रुट भी बदला जाएगा। रेलवे की ओर से जारी आदेश के अनुसार 24-25 दिसंबर को दुर्ग से अजमेर जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन दुर्ग से केवल जयपुर तक चलेगी। इसी तरह 25-26 दिसंबर को अजमेर से दुर्ग आने वाली एक्सप्रेस ट्रेन अजमेर से जयपुर तक ही चलेगी। इसके अलावा 24 दिसंबर को बीकानेर-पुरी एक्सप्रेस बदले हुए मार्ग बीकानेर-चुरू और जयपुर होकर चलेगी। बताया गया कि इसी तरह 18, 19, 25 एवं 26 दिसंबर को बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस बदले हुए मार्ग जयपुर-रींगस जंक्शन-सीकर-चुरू- डेगाना जंक्शन होकर चलेगी।





# विधानसभा चुनाव : दुर्ग जिले की 6 सीटों पर दोपहर तक 40 फीसदी से ज्यादा मतदान

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के तहत दूसरे चरण का मतदान जारी है। प्रदेश की 70 सीटों में दुर्ग जिले की 6 सीटों पर भी वोटिंग हो रही है। दुर्ग जिले में भी वोटिंग के प्रति अच्छा खासा रुझान देखने को मिल रहा है। दोपहर तक दुर्ग जिले में 40 फीसदी वोटिंग रिकार्ड की गई है। इस दौरान सबसे ज्यादा 42.96 फ ीसदी वोटिंग पाटन विधानसभा में हुई। वहीं सबसे कम वोटिंग वैशाली नगर विधानसभा में देखने को मिली। यहां पर 31.06 फ ीसदी वोटिंग हुई। इसके अलावा दुर्ग ग्रामीण में 37.12, दुर्ग शहर में 32.09, भिलाई नगर में 34.06 तथा अहिवारा में 39.89 फीसदी मतदान हुआ है।



देवेंद्र यादव ने पत्नी के साथ किया मतदान



सरोज पांडे ने किया मताधिकार का उपयोग

### गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने पाऊवारा में किया अपना मतदान

विधानसभा चुनाव 2023 के दूसरे चरण का चुनाव आज 17 नवंबर को दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू अपने गृहग्राम के शास. उच्च. माध्यामिक स्कूल ग्राम पंचायत पाऊवारा में सुबह 8 बजे बुथ क्रामंक 206 में अपना मतदान किया। श्री साहू ने सबसे अपील कि है मतदान अवश्य करें और अपना आशीर्वाद प्रदान करें। श्री साहू ने कहा कि किसानो, मजदूरों, महिलाओं और आम जनता के लिए कांग्रेस हमेशा खड़ी रही है। काग्रेस ने जो वादा किया था उसे निभाया। और इस बार भी जो आपसे वादा किया है कि उन्हें निश्चित ही पूरा करेंगे। इसलिए आप सभी लोग मतदान अवश्य करें और पूर्ण बहुमत से छत्तीसगढ़ में भरोसे की सरकार पुन: बनाये।





कांग्रेस प्रत्याशी प्रत्याशी मुकेश चंद्राकर ने नेहरू नगर में परिवार के साथ किया मतदान



प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने किया मतदान





मतदान के दौरान दुर्ग पुलिस के जवानों ने दिखाई मानवता: छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के दौरान बूथों पर सुरक्षा बलों के साथ पुलिस कर्मियों की भी ड्यूटी लगी है। इस दौरान दुर्ग के अलग अलग बूथों पर दुर्ग पुलिस की मानवीय पहल भी देखी गई। दुर्ग पुलिस के जवनों ने बुजुर्गों व दिव्यांग मतदाताओं को बूथों तक पहुंचाने काम किया।

# बीएसपी के मुख्य चिकित्सालय ने मनाया विश्व मधुमेह दिवस

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केन्द्र द्वारा, संयंत्र के मानव संसाधन विकास केन्द्र के सभागार में विश्व मधुमेह दिवस मनाया गया। यह हर साल 14 नवंबर को मनाया जाता है। यह कार्यक्रम भिलाई इस्पात संयंत्र बिरादरी के सदस्यों के लिए, स्वास्थ्य के प्रति मधुमेह के निवारक पहलुओं के बारे में जागरूकता पैदा करने और नियमित उपचार का पालन करके मधुमेह को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के तरीकों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

जिसमें मधुमेह से सम्बंधित विभिन्न चरणों एवं स्थितियों की बेहतर रोकथाम, निदान और गंभीर परिस्थितियों से निपटने के लिए सामूहिक व व्यक्तिगत रूप से क्या करने की आवश्यकता है यह बताया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार थे।



विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (एचआरडी एंड बीई) निशा सोनी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए) डॉ एम रविन्द्रनाथ तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए) डॉ प्रमोद बिनायके उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त बीएसपी बिरादरी के सदस्य उपस्थित थे।

इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि मधुमेह एक लाइफ स्टाइल डिसीस है, जो संतुलित आहार और जीवनशैली से नियंत्रित किया जा सकता है। डॉ एम रविन्द्रनाथ ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में मधुमेह का सबसे बड़ा कारण, हमारा वेस्टर्नाइजेशन जीवनशैली को अपनाना, शारीरिक गतिविधियों से दूर रहना आदि है। मधुमेह सिर्फएक रोग तक सिमित नहीं है अपितु इससे आगे चल के सारे ऑर्गन भी खराब हो सकते है और हार्टअटैक, पैरालिसिस, ब्रेन डेड आदि होने का खतरा बढ़ जाता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद बिनायके द्वारा, मधुमेह के साथ स्वस्थ जीवन पर आधारित एक प्रस्तुतीकरण दी गई। जिसमें, मधुमेह हेतु आवश्यक टेस्ट, दवाओं और नियमित उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम के द्वारा लोगों में मधुमेह से संबंधित महत्वपूर्ण व आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। मधुमेह के निवारक और उपचारात्मक पहलू को उजागर किया गया। उचित आहार, व्यायाम और अन्य दवाओं के महत्व के बारे में शिक्षित किया गया था। इसके साथ ही जागरूकता हेतु अस्पताल के डायबिटिक सेक्शन द्वारा पोस्टर प्रदर्शनी, संतुलित आहार की प्रदर्शनी, योग, ब्लड टेस्ट तथा फूट केयर के स्टाल लगाये गए थे।

,विभिन्न पारंपरिक स्वस्थवर्धक खाद्य पदार्थों का प्रदर्शन किया गया जिसमे, मधुमेह से पीड़ित व्यक्ति हेतु मधुमेह पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए इन आहारों का सेवन भी किया जा सकता है। जनरल मेडिसीन विभाग द्वारा डॉ प्रमोद बिनायके के प्रस्तुतीकरण और डॉ सौरव मुखर्जी के संचालन के साथ इस कार्यक्रम का सफ्लतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ डॉक्टरों, अधिकारियों, नर्सिंग स्टाफ तकनीशियनों, डीएनबी डॉक्टरों सहित कार्मिक विभाग के अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950